शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 13, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 08 फरवरी 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# झूठ फैलाना ही 'मोदी की गारंटी' : खड़गे

## कांग्रेस को कोसने के अलावा पीएम मोदी के पास अपना बताने को कुछ नहीं: खरगे

**नई दिल्ली**
कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तथ्यों से छेड़छाड़ कर यूपीए सरकार पर अनर्गल टीका-टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि बेरोजगारी से लेकर आर्थिक विकास दर और महंगाई से लेकर आयात-निर्यात संतुलन जैसे हर मोर्चे पर भाजपा सरकार कमजोर साबित हुई है।

**कांग्रेस ने पीएम के बयान पर किया पलटवार**

राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दोनों सदनों में राष्ट्रपति अभिभाषण पर जवाब के दौरान पीएम की ओर से किए बेहद तीखे हमले पर पलटवार करते हुए कहा कि पीएम ने अनगिनत झूठ के सहारे यूपीए और कांग्रेस को कोसा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने बयान जारी कर कहा कि पीएम मोदी को इसका जवाब देना चाहिए कि यूपीए सरकार के समय बेरोजगारी दर 2.2 प्रतिशत थी मगर उनके कार्यकाल में यह 45 सालों में सबसे ज्यादा क्यों है? यूपीए के 10 सालों में दौरान जीडीपी विकास दर औसतन 8.13 रही तो उनके शासन में केवल 5.6 प्रतिशत क्यों?

**खरगे ने वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट का किया जिक्र**

खरगे ने कहा कि व?ल्र्ड बैंक की मानें तो 2011 में ही भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। हमने 10 साल में 14 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। लेकिन पीएम इधर-उधर के भाषणों को कांट-छांट कर भ्रम और झूठ फैला रहें हैं। सच्चाई है कि डिजिटल इंडिया की तरक्की की बुनियाद यूपीए ने आधार और डीबीटी के जरिए रखी थी। देश की 65 करोड़ आबादी को 2014 तक आधार दिया जा चुका था। डीबीटी-पहल से सीधे सब्सिडी देने का काम शुरू हो गया था। स्वाभिमान योजना के तहत गरीबों के 33 करोड़ बैंक खाते हम खोल चुके थे।



## 'महंगाई, रोजगार, आर्थिक समानता की कोई बात नहीं की'





**खरगे ने** कहा कि पीएम मोदी 10 सालों से शासन में हैं मगर अपनी बात करने की बजाय केवल कांग्रेस को कोसते रहे और महंगाई, रोजगार, आर्थिक समानता की कोई बात नहीं की। असल वजह है कि इस सरकार के पास कोई डाटा नहीं है। एनडीए का मतलब ही नो डाटा एवलेवल सरकार है। जनगणना आर्थिक सर्वेक्षण नहीं हुआ, रोजगार, स्वास्थ्य सर्वेक्षण का डाटा नहीं और सरकार सारे आंकड़े छिपा कर झूठ फैलाती है। खरगे ने पीएम की गारंटी पर सियासी तंज कसते हुए कहा कि झूठ फैलाना ही 'मोदी की गारंटी' है।

मोदी सरकार की नीतियों पर प्रहार करते हुए खरगे ने कहा कि सरकारी कंपनियों को लेकर वह "बेचो और लूटो" की नीति अपना रही है। अप्रैल 2022 तक 147 सार्वजनिक उपक्रमों को पूरा या आधा बेच दिया गया। सरकारी नौकरियों की भर्ती ठप है और सरकार में 30 लाख पद खाली पड़े है जिसमें एससी-एसटी और ओबीसी के सबसे अधिक पद रिक्त हैं।

उन्होंने कहा कि रेलवे, स्टील, नागर विमानन, रक्षा (गैर सैनिक) और पेट्रोलियम इन पांच मंत्रालयों में करीब तीन लाख पद खाली हैं। पीएम एकलव्य स्कूल की बात करते हैं पर यह नहीं बताते कि उनमें 70 फीसद शिक्षक ठेके पर हैं। खरगे ने कहा कि यह दिल दुखाने वाली बात है कि पिछले 10 वर्षों में हमारे निर्यात और आयात के बीच का अंतर तीन गुना बढ़ गया है।

## केन्द्र सरकार सारे आंकड़े छिपा रही: मल्लिकार्जुन



**नई दिल्ली**
कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि केन्द्र सरकार सारे आंकड़े छिपा रही है। इस समय झूठ फैलाना ही मोदी की गारंटी है। खड़गे ने बुधवार को राज्यसभा में प्रधानमंत्री मोदी के उद्बोधन के बाद एक्स पर लिखा कि संविधान को नहीं मानने वाले, जो दांडी मार्च और भारत छोड़ो आंदोलनह्व में शामिल नहीं हुए, वो लोग आज कांग्रेस को राष्ट्रभक्ति का ज्ञान दे रहे हैं। खड़गे ने कहा कि यूपीए के दौरान बेरोजगारी दर 2.2 फीसदी थी जो अब 45 सालों में सबसे अधिक है। कांग्रेस काल में जहां सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर औसतन 8.13 फीसदी रही, वहीं मोदी सरकार में केवल 5.6 फीसदी रह गई है। सरकार में 30 लाख पद खाली पड़े हैं और उनमें एससी, एसटी, ओबीसी के पद सबसे अधिक खाली हैं। अकेले 5 मंत्रालयों - रेलवे, स्टील, नागर विमानन, रक्षा (बिना सैनिकों के) और पेट्रोलियम में करीब 3 लाख पद खाली हैं। पिछले 10 वर्षों में हमारे निर्यात और आयात के बीच का अंतर तीन गुना बढ़ गया है। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों सदनों में केवल कांग्रेस को कोसा है। 10 सालों से शासन में होने के बावजूद प्रधानमंत्री ने अपने बारे में बात करने की बजाय केवल कांग्रेस की आलोचना करते रहे।

## अनुराग ठाकुर ने किया दिल्ली ओलंपिक गेम्स 2024 का आगाज

**नई दिल्ली**
केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को यहां तालकटोरा स्टेडियम में दिल्ली ओलंपिक गेम्स 2024 का आगाज किया। दिल्ली ओलंपिक एसोसिएशन के द्वारा आयोजित दिल्ली ओलंपिक गेम्स का आयोजन 7 से 13 फरवरी तक किया जाएगा। दिल्ली ओलंपिक में 45 भिन्न प्रकार के खेल 38 अलग-अलग जगहों पर खेले जाएँगे, जिसमे 9000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इस अवसर पर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश का खेल बजट 2014 के मुकाबले 3 गुना ज्यादा है। अकेले खेलो इंडिया को 1000 करोड़ रुपये आवंटित किए जाते हैं। ये मामूली बात नही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेन्द्र सचदेवा ने की। कार्यक्रम में पद्मश्री पहलवान योगेश्वर दत्त, भारतीय नेटबॉल टीम की पूर्व कप्तान प्राची तहलान खिलाड़ियों का मनोबल बड़ाने के लिये उपस्थित रहे। इनके अलावा कार्यक्रम में कुलदीप वत्स (अध्यक्ष), राकेश गुप्ता (महामंत्री), सरोज शर्मा (कोषाध्यक्ष), संजीव शर्मा (उपप्रधान) भी मौजूद रहे।

## एआईएडीएमके के नेताओं का जे पी नड्डा ने किया स्वागत

**नई दिल्ली**
एआईएडीएमके के 15 से अधिक पूर्व विधायकों का भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने स्वागत किया। बुधवार को तमिलनाडु के नेताओं का स्वागत करते हुए जे पी नड्डा ने कहा कि इन सभी का अनुभव पार्टी को और मजबूत करेगा। जे पी नड्डा ने एक्स पर अपने संदेश में कहा कि तमिलनाडु के वरिष्ठ नेताओं का भाजपा फॉर भारत में स्वागत है। उन्होंने कहा कि सभी अनुभवी नेताओं का अनुभव हमारी पार्टी को और मजबूत करेगा और आप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में तमिलनाडु और हमारे राष्ट्र की निरंतर प्रगति के लिए बड़े विश्वास के साथ काम करेंगे।

## कांग्रेस शुरू से आरक्षण विरोधी रही : रामदास अठावले

**नई दिल्ली**
केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा है कि कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण विरोधी रही है। इस बात को प्रधानमंत्री मोदी ने आज राज्यसभा में पंडित नेहरू के पत्र का हवाला देकर सिद्ध कर दिया है।



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिष्टाचार भेंट की।

## 'हमने वचन निभाया और मंदिर वहीं बनाया...': सीएम योगी

**लखनऊ**
राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पांडवों ने कौरवों से सिर्फ पांच गांवों की मांग की थी पर वो नहीं दिए गया। देश का बहुसंख्यक समाज तो सिर्फ तीन स्थानों (अयोध्या, मथुरा और काशी) की मांग कर रहा था उसके लिए उसे गिड़गिड़ाना पड़ा। अब अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया है। काशी और मथुरा को हम कैसे भूल सकते हैं। ये काम तो आजादी के बाद ही हो जाना चाहिए था पर वोट बैंक के लिए लोक आस्था के इन स्थानों से दूरी बनाकर रखी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ। इसके जरिये भारत के गौरव की पुर्नप्रतिष्ठा हुई है। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि अयोध्या का पुराना गौरव वापस लौट आया है। हमें खुशी है कि हमने अपना वचन निभाया और मंदिर वहीं बनाया...। मुख्यमंत्री योगी बोले कि हम सिर्फ कहते नहीं हैं बल्कि करके दिखाते हैं। अन्याय हुआ। वहां के लोगों के साथ अन्याय हुआ है। मंदिर का मामला तो न्यायालय में था तो क्या वहां सड़क और बिजली नहीं दी जा सकती थी। क्या सरयू के घाटों की सफाई नहीं की जा सकती थी लेकिन अयोध्या को कुत्सित मंशा के कारण अभिशप्त रखा गया।



पहले की सरकार अयोध्या, काशी और नोएडा, बिजनौर जाने से कतराती थी मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने बिना रुके, बिना डिगे, बिना झुके काम किया। हम लोग अयोध्या भी गए और प्रदेश के हर जनपद गए। अगर मैं अयोध्या और काशी गया हूं तो नोएडा और बिजनौर भी गया।

## मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने उत्तराखंड सरकार के समान नागरिक संहिता को अनुचित बताया




**नई दिल्ली**
ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने उत्तराखंड सरकार के प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को अनुचित और अनावश्यक करार दिया है। बोर्ड का कहना है कि इस वक्त राजनीतिक फायदा हासिल करने की जल्दबाजी में इस विधेयक को सदन में लाया गया है। यह महज दिखावे और राजनीतिक प्रोपेगेंडा से ज्यादा कुछ भी नहीं है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने मीडिया को जारी एक बयान में कहा है कि जल्दबाजी में लाया गया यह प्रस्तावित कानून सिर्फ तीन बिंदुओं पर केंद्रित है। पहला शादी और तलाक का जिक्र सरसरी अंदाज में किया गया है। इसके बाद विरासत के मामले को विस्तार से दिया गया है। अंत में लिव-इन रिलेशनशिप के लिए एक नई कानूनी व्यवस्था को पेश किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे देश में स्पेशल मैरिज रजिस्ट्रेशन एक्ट और अन्य एक्ट व कानून पहले से मौजूद हैं, जो इस कानून से टकरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रस्तावित कानून संविधान के मौलिक अधिकारों के अनुच्छेद 25, 26 और 29 से भी टकराता है, जो धार्मिक स्वतंत्रता को सुरक्षा प्रदान करता है। इसी तरह से यह कानून देश की साझा धार्मिक संस्कृति के भी खिलाफ है, जो इस देश की खूबसूरती है। बोर्ड प्रवक्ता ने कहा कि प्रस्तावित कानून के तहत पिता की संपत्ति में लड़का और लड़की को बराबर का हिस्सा दिया गया है जो इस्लामी शरीअत के कानून से भिन्न है।

## दिल्ली जल बोर्ड घोटाला: मेसर्स भारत पेपर्स के निदेशक 13 फरवरी तक ईडी की हिरासत में




**नई दिल्ली**
जम्मू के स्पेशल पीएमएलए कोर्ट ने दिल्ली जल बोर्ड में हुए घोटाला मामले में गिरफ्तार किए गए मेसर्स भारत पेपर्स लिमिटेड के निदेशक अनिल कुमार अग्रवाल को गुरुवार को 13 फरवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को छापेमारी के बाद गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर यह जानकारी साझा की। ईडी ने बताया कि दिल्ली जल बोर्ड में हुए घोटाला मामले में मेसर्स भारत पेपर्स लिमिटेड के निदेशक अनिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार किया। उनकी 2.15 करोड़ रुपये मूल्य की दो अचल संपत्तियां भी कुर्क की गई हैं। अनिल कुमार अग्रवाल को आज जम्मू के स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उनको 13 फरवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड भ्रष्टाचार मामले में 06 फरवरी को दिल्ली, वाराणसी और चंडीगढ़ के विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया था। इस दौरान विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य, 1.97 करोड़ रुपये की कीमती वस्तुएं और 4 लाख रुपये के बराबर विदेशी मुद्रा जब्त की गई।

## भारत और सऊदी अरब ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग मजबूत करने का संकल्प लिया

**नई दिल्ली**
रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट सऊदी अरब की मेजबानी में चल रहे पांच दिवसीय विश्व रक्षा शो (डब्ल्यूडीएस) में हिस्सा लेने के लिए रियाद की यात्रा पर हैं। उन्होंने रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल-सऊद के साथ बैठक करके द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की है। रक्षा राज्य मंत्री ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे बहुआयामी रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के उपायों पर वार्ता की और सऊदी अरब सैन्य उद्योग के मंडप का भी दौरा किया। विश्व रक्षा शो 4 फरवरी को शुरू हुआ था और 8 फरवरी को समाप्त होगा।

भारत और सऊदी अरब के बीच बढ़ते रक्षा संबंधों का प्रमाण देते हुए रक्षा राज्य मंत्री इस समय भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ रियाद में हैं।

## किसी प्रमुख मद में नहीं घटाया आवंटन, कम हुई है बेरोजगारी दर: सीतारमण

**नई दिल्ली**
केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि अंतरिम केंद्रीय बजट 2024 में किसी प्रमुख मद के आवंटन में कोई कटौती नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी दर पांच साल में घटकर 3.2 फीसदी रह गई है। सीतारमण अंतरिम केंद्रीय बजट 2024 पर सदन में चर्चा का जवाब दे रही थीं। वित्त मंत्री के जवाब के बाद लोकसभा ने वित वर्ष 2024-45 के लिए लेखानुदानों की मांगों, वित वर्ष 2023-24 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों सहित वित्त वर्ष 2024-25 से संबंधित जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लिए लेखानुदानों की मांगों के साथ-साथ वित्त वर्ष 2023-24 से संबंधित जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों को ध्वनिमत से मंजूरी दी।



इसके अलावा लोकसभा ने विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2024 और विनियोग विधेयक, 2024 को भी मंजूरी दी। संसद के निचले सदन ने जम्मू कश्मीर विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2024 और जम्मू कश्मीर विनियोग विधेयक, 2024 को भी ध्वनिमत से पारित पास कर दिया। वित्त मंत्री ने अंतरिम केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान सदन को बताया कि किसी प्रमुख मद में आवंटन घटाया नहीं गया है, बल्कि इसमें बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए सदन को बताया कि बेरोजगारी दर वित्त वर्ष 2017-18 के छह फीसदी से घटकर वित्त वर्ष 2022-23 में 3.2 फीसदी रह गई है। सीतारमण ने कहा कि सरकार के उठाए गए कदमों से जरूरी खाद्य वस्तुओं के दाम कम हुए हैं। उन्होंने निचले सदन में श्रम शक्ति 49 फीसदी से बढ़कर 57 फीसदी होने का आंकड़ा पेश करते हुए कहा कि बेरोजगारी दर में कमी आई है। यह वित्त वर्ष 2017-18 के छह फीसदी से घटकर वित्त वर्ष 2022-23 में 3.2 फीसदी रह गई है। सीतारमण ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में 18 से 25 साल की आयु के लोगों का पंजीकरण बढ़ा है। इसमें 55 फीसदी पंजीकरण नए हैं।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि महिला श्रम शक्ति भी बढ़ी है। ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित क्षेत्र के 29 करोड़ कामगार में 53 फीसदी महिलाएं हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही हैं। उन्होंने कुछ सदस्यों के दावों को खारिज करते हुए कहा कि कर्नाटक समेत अन्य राज्यों के संबंध में वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार राशि दी गई है। कर्नाटक को धन नहीं मिलने का दावा सही नहीं है। उन्होंने सदन को बताया कि मैं राज्यों को धन अंतरण के लिए वित्त आयोग की रिपोर्ट का अंतिम शब्द तक पालन करती हूं।

# तमाम विरोध के बावजूद भीठे की मिट्टी निकालने के दौरान गड़ा खजाना मिलने की चर्चा

## सैकड़ों ग्रामीण जुटे शासन प्रशासन को शिकायत पत्र देकर खुदाई रोकने की मांग करते हुए खजाना बरामद की भी उठी मांग

**अखंड भारत संदेश**





**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र के ग्रामसभा बराडीह सिकन्दरपुर , गदियानी के सीमा से लगे भीठे की मिट्टी जेसीबी से खोदे जाने का ग्रामीणों ने विरोध के दौरान गडा खजाना निकलने की चर्चा भी हो रही है। सैकड़ों ग्रामीणों ने मिट्टी का हो रहे खनन को रूकवाने तथा मिले गडे खजाने को बरामद करने की मांग की है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिकन्दरपुर बराडीह सीमा से लगे गदियानी भीठे का काम बंधा यानि बाढ रोकने का काम होता चला आ रहा है। गांव के पंकज कुमार, रामू पटेल, सुभाष, राजेश कुमार,नीता,आशा देवी, सुशील कुमार, सन्तोष कुमार, लालजी, विजय कुमार आदि सैकड़ों किसानों का आरोप है कि प्रधान की मिली भगत से कतिपय ठेकेदार द्वारा गांव के ऐतिहासिक भीठे की मिट्टी की खुदाई जेसीबी से करके डम्पर से ढोलाई की जा रही है बताया गया है कि उक्त मिट्टी हाईवे पर प्रयोग हो रहा है। बताया गया कि खुदाई के दौरान भीठे से गडा खजाना भी मिला। बताया गया है कि उक्त गडे खजाने को कतिपय ठेकेदारों और मजदूरों ने बंदर बांट कर लिए हैं ।यही नहीं ग्रामीणों का आरोप है कि मिट्टी का खनन लगभग बीस बीघा भीठा काटा जा रहा है। आरोप है कि भीठा की मिट्टी कटने से सैकड़ों बीघा जमीन जलमग्न हो जाएगा ।जिसे लेकर सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमे रहते हैं। इस बाबत एसडीएम सोरांव गणेश प्रसाद कनौजिया से बात करने की कोशिश की गयी तो उनका फोन नहीं उठा। मऊआइमा थाने से प्रभारी ने बताया कि एसडीएम के आदेश से खुदाई हो रही है। जहां खजाना निकलने का स्वाल है यह उन्हें नहीं मालूम है।

## समाजवादी पीडीए के नेतृत्व में बनेगी केंद्र में सरकार : रविन्द्र जाटव

जन चौपाल के माध्यम से किया जागरूक

**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पूरे प्रदेश में चल रही पीडीए के कार्यक्रम के मद्देनजर विधानसभा कोरांव के ग्राम सभा सीकी कोइलहा बसहरा सिरियारी समेत विभिन्न ग्राम सभाओं में डोर टू डोर जाकर साथ ही साथ जन चौपाल के माध्यम से जन जन को जागरूक करते हुए समाजवादी पार्टी सरकार कार्यकाल में हुए जनकल्याणकारी कार्यों के बारे बताया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रविन्द्र जैसल जाटव प्रधान एवम महासचिव समाजवादी पार्टी कोरांव विधानसभा ने कहा की आगामी होने वाले 2024 के लोकसभा के चुनाव में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर निश्चित रूप से पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक को साथ में लेते हुए समस्त वर्गो के जन समर्थन से देश में समाजवादी विचारधारा की सरकार बनेगी और देश में मंहगाई शिक्षा और चिकित्सा की सुगम व्यवस्था के तहत आसानी से उसका लाभ देश की जनता तक पहुंचेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय यादव उपाध्यक्ष अश्वनी यादव मेहताब खान नगर अध्यक्ष धर्मराज पाल नंद किशोर प्रजापति शिवराज कोल मुनेश कोल दीपक अखिलेश्वर कुशवाहा प्रजापति राजाराम पाल श्याम बिहारी प्रजापति महादेव कोल आदि लोग उपस्थित रहे।

## दरियादिली : थाना अध्यक्ष ने की गरीब छात्रा की आर्थिक मदद, ली पढ़ाई की जिम्मेदारी

**अखंड भारत संदेश**



**उतरांव।** पुलिस का नाम सुनते ही मन में कई नकारात्मक विचार आते होंगे। लेकिन इन सबसे अलग पुलिस का एक चेहरा ऐसा भी है जिसे शायद ही आपने देखा हो। उतरांव थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी फरियादियों की फरियाद सुन रहे थे। तभी एक गरीब छात्रा जो साइबर ठगी का शिकार हुई थी। फरियादियों के बीच में पहुंचकर फफक फफक रोने लगी। जिसे देखकर एसओ ने सुनी ।उसकी समस्या सुनकर थाना अध्यक्ष के दिल पिघल गया तथा थाना अध्यक्ष समेत उपस्थित लोगों की आंखे बोझिल हो गई। छात्रा ने बताया कि उसके पिता पैरालाइज के मरीज हैं तथा वह खुद से पांच हजार की जॉब कर अपनी पढ़ाई करती है ।उसके खाते में सिर्फ 12000 थे जिसे वह पिता के इलाज व फीस जमा करने के लिए रखी हुई थी। छात्रा अपने परिवार का पोषण व पिता का इलाज के साथ पढ़ाई खुद से करती है। साइबर ठगी का शिकार होने के कारण उसके खाते में कुछ नहीं बचा। थाना अध्यक्ष ने उसकी आर्थिक मदद करते हुए उसका साइबर ठगी में गया पैसा को दिलाने का वादा किया। उन्होंने छात्रा को अपना पर्सनल नंबर देते हुए कहा कि चाहे जहा भी रहूंगा आप कभी भी अपने पढ़ाई के लिए पैसा ले सकती हैं। कहीं थाने में देखने को मिलता है कि थाना अध्यक्ष केवल फरियादी की शिकायत का इंतजार करते हैं। लेकिन थाना अध्यक्ष उतराव पंकज त्रिपाठी ने मानवता की मिसाल पेश कर तमाम अन्य थाना अध्यक्ष को एक नसीहत दी है। बताते चले कि इससे पहले भी कई निर्धन दंपति को एसओ ने आर्थिक मदद दी है। वहां उपस्थित लोगों ने थाना अध्यक्ष की जमकर सराहना की।

# मांडा बीडीओ ने तालाब को अमृत सरोवर बनाने के लिए सचिव को दिया था निर्देश

## आधे वर्ष बीत जाने के बाद भी रानी का तालाब में नहीं शुरू हुआ काम

**अखंड भारत संदेश**



**मांडा।** पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह के बाद देखरेख के अभाव में मांडा राजमहल से संबंधित रानी के तालाब पर अवैध कब्जों की लोगों में ऐसी होड़ लगी कि 17 बीघे का तालाब इस समय मौके पर मात्र 6 बीघे से भी कम पाया गया है। तालाब के तीनों तरफ तमाम मकान, शौचालय व गोदाम बन चुके हैं, कुछ निमार्णाधीन भी हैं। वहीं मांडा ब्लॉक मुख्यालय के चन्द्र दूरी पर रानी के तालाब का बीडीओ मांडा अमित मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और सचिव ब्रजेंद्र शुक्ला से उक्त तालाब के सम्बंध में हल्का लेखपाल से वार्ता करके स्थिति का जायजा लिया। हल्का लेखपाल ने तालाब के बारे में बताया कि इस किसी प्रकार का विवाद नहीं है देखरेख के अभाव में आस पास के लोग कब्जा कर रहे हैं। लेखपाल की बात सुनकर बीडीओ मांडा ने अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत रानी के तालाब में मनरेगा के तहत स्टीमेट बनवाकर अतिशीघ्र काम शुरू करने का निर्देश दिया था। वही विलुप्त हो रहे रानी का तालाब को बचाने के लिए तमाम फरमान जारी हुए लेकिन आदेश के आधे वर्ष बीत जाने के बावजूद भी तालाब में काम शुरू नहीं कराया गया। इस तालाब के पश्चिमी छोर पर अत्यंत प्राचीन शिवालय भी बना है। इस शिवालय की देखरेख मांडा राजमहल की ओर से नियुक्त पुजारी ही करते हैं। इस तालाब में राजमहल की ओर से चारों ओर सौंदर्यीकरण भी कराया गया था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की मौत के बाद तालाब का भीटा ही नहीं, वरन तालाब के अंदर तक दर्जनों मकान बन गए। जिस तालाब में हमेशा पानी भरा रहता था, अब उस तालाब में मछलियों और मवेशियों के लिए भी पानी नहीं है। तालाब अवैध कब्जों का शिकार होने के बाद तालाब का अस्तित्व समाप्त हो गया है। कुछ वर्षों तक जिला पंचायत व मत्स्य पालन विभाग की ओर से भी इस तालाब का ठेका दिया जाता था। लेकिन अब तालाब के नाम पर अस्तित्व ही रह गया।

# कम्प्यूटर शिक्षा प्राप्त कर ग्रामीण छात्र एवं छात्राएं होंगी आत्मनिर्भर : शैलेन्द्र विक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**आगामी एक मार्च से ग्रामीण छात्र छात्राओं के लिए संस्था में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत शुभारम्भ होगा निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण**



**मेजा।** वर्तमान समय में कम्प्यूटर की शिक्षा का बहुत महत्व है। कम्प्यूटर शिक्षा प्राप्त कर ग्रामीण छात्र - छात्राएं स्वरोजगार हेतु आत्मनिर्भर बनेगी। उक्त उदगार राजकीय महिला पालीटेक्निक मेजा खास के प्राचार्य शैलेन्द्र विक्रम ने कालेज में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत शुरू होने वाले निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण के मद्देनजर व्यक्त किया। उन्होंने ने कहा कि ग्रामीण छात्र - छात्राओं को हुनरमंद बनाने के लिए आगामी एक मार्च से प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत संस्था में निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया जाएगा। प्राचार्य श्री विक्रम ने आगे कहा कि आज के समय में कम्प्यूटर की शिक्षा बहुत ही आवश्यक है ताकि डिजिटल इंडिया के सपनों को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस कोर्स का नाम सही मायने में डोमेस्टिक आईटी हेल्प डेस्क अटेंडेंट है जिसमें 390 घंटे क्लास ट्रेनिंग और 60 घंटे आन जाब ट्रेनिंग होगी। प्राचार्य ने बताया कि यह प्रशिक्षण कम्प्यूटर के विभिन्न भाग कम्प्यूटर नेटवर्क ताथानी संबंधित सिद्धांत की प्रयोगात्मक जानकारी देगा साथ ही साथ प्रशिक्षण प्रमाण पत्र नैसकॉम से मिलेगा जिससे प्रशिक्षितों को रोजगार पाने में आसानी होगी और ग्रामीण छात्र - छात्राएं रोजगार पाकर आत्म निर्भर बनेंगे।

# डीपीआरओ ने मेजा ब्लाक में सचिवों के साथ किया समीक्षा बैठक

## विकास कार्यों में बरती जा रही लापरवाही बर्दाश्त नहीं : बाल गोविंद

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** बुधवार को मेजा ब्लाक में डीपीआरओ बाल गोविंद श्रीवास्तव ने ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने ने व्यक्तिगत शौचालय, पंचमवित्त , 15 वां वित्त एवं एस एल डब्लयू एम आदि विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी निर्माण कार्य तत्काल पूरा कराने का निर्देश दिए। इसके लिए डीपीआरओ श्री श्रीवास्तव ने सचिवों को कड़ी हिदायत दिया और कहा कि पंचायत भवन में ही ग्राम पंचायत कार्यालय का संचालन कराना सुनिश्चित करें ।उन्होंने कहा कि जो लोग शौचालय से वंचित हैं सभी को शौचालय दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने लोटाढ़ के पीएम आवास पात्र को शौचालय के लिए ऑनलाइन कर सर्वे कर उसका नाम दर्ज कराएं। इसमें लापरवाही बरतने पर संबंधित सचिवों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पंचायत के सामुदायिक शौचालय रोस्टर के हिसाब से खुलना चाहिए। गौरतलब है समीक्षा बैठक के पश्चात डीपीआरओ ने मेजा खास तथा देलौहा गांव का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर एडीओ (पंचायत) अखिलेश तिवारी सहित सभी ग्राम पंचायत सचिव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



## श्री राम पदयात्रा का बारा में हुआ स्वागत

**जसरा।** श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकली श्री राम पदयात्रा अयोध्या से चलकर बुधवार को दोपहर 2:00 बजे प्रयागराज के बारा चौराहे पर पहुंची।महाकाल फाउंडेशन के अरविन्द दुबे व अतुल गुप्ता ने श्री राम शोभा यात्रा के बारा पहुंचने पर फूल माला के साथ उनका स्वागत किया।यह शोभा यात्रा 2 फरवरी 2024 से 17 मार्च 2024 तक 45 दिन की यात्रा निकली जा रही है ।यह यात्रा चार पहिया वाहन और सुसज्जित रथ यात्रा द्वारा अयोध्या से प्रारंभ होकर श्रीलंका पर समाप्त होगी। इस यात्रा में भगवान राम जी ने जिन-जिन जगहों पर अपनी लीलाएं रची थी उन स्थानों पर उनकी झांकियां भी निकाली जाएंगी।इस मौके पर समाजसेवी दीपू पाठक,नितिन शाहू,जावेद अख्तर , चंदन साहू, सत्यम दुबे, अनुज तिवारी, पुष्कर दुबे, नीलू दुबे, शिवम मिश्रा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# जसरा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत चार दर्जन जोड़ों का हुआ विवाह

**अखंड भारत संदेश**







**जसरा।** विकासखंड जसरा व शंकरगढ़ के पचास जोड़ों का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के बाबू विश्वनाथ प्रसाद गुप्त सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी विवाहित जोड़ों को सरकारी फंड से उपहार व प्रमाण पत्र दिया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी के न पहुंच पाने पर उनके प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय ने विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद व प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा सरकारी निधि से दस हजार रूपए तक के चांदी के समान व घरेलू सामाग्री दिए गए। भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी डा० एस के तिवारी ने सभी लाभार्थियों को नकद धनराशि प्रदान किया। इस अवसर पर विकासखंड जसरा व शंकरगढ़ के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। विकासखंड जसरा के समाज कल्याण अधिकारी गुलजार सिंह ने बताया कि जसरा विकास खंड के 25 जोड़ों व विकास खंड शंकरगढ़ के 25 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि 35000 रुपए दुल्हन के खाते में हस्तांतरित किया जाएगा। जबकि दस हजार रुपए के सामान दिए गए हैं। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख शंकरगढ़ निर्मला देवी, खंड विकास अधिकारी जसरा अनीश अहमद, खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ राम विलास राय, वीडियो पंचायत विनोद कुमार द्विवेदी, शंकरदेव त्रिपाठी, हरीराम त्रिपाठी, डा. योगेन्द्र सिंह,राजा बाबू पाठक, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, प्रधान संघ अध्यक्ष द्वारा सिंह पटेल, ज्ञानेन्द्र पाठक, लेखाकार आनंद श्रीवास्तव, जितेंद्र गौड़, श्याम लाल तिवारी, राजेश शर्मा, मनोज प्रजापति, बृजेश बिन्द, वेद प्रकाश द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### ब्लाक सहसों प्रधान संघ का हुआ चुनाव सुभाष मिश्रा बने अध्यक्ष



**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के प्रधान संघ का चुनाव आम सहमति से पदाधिकारीयों का चुनाव करते संपन्न हुआ। जिसमें विकासखंड के 45 ग्राम प्रधानों में 30 ग्राम प्रधानों की उपस्थित में सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद पर सुभाष मिश्रा और महासचिव शिवकुमार भारतीय एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए कृष्ण कुमार चौरसिया, शमशेर बहादुर एवं अशोक भारतीय को सभी सदस्यों ने अपना समर्थन देकर चुनाव करते प्रधान संघ सहसों का गठन हुआ। जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी डीपी शुक्ला, पूर्व प्रधानाचार्य लक्ष्मीकांत मिश्र, बाल गोविंद तिवारी आदि ने शुभकामना एवं आशीर्वाद देते हुए दर्जनों ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

### विभिन्न मांगों को लेकर किसान यूनियन ने सौपा पाच सूत्रीय ज्ञापन



**सहसों।** ब्लाक मुख्यालय सहसों पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने बुधवार को विभिन्न मांगों को लेकर पांच सूत्रीय ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी के नाम सौपा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष भा कि यू अर्चना मिश्रा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने विभिन्न मांगों नाली, खडंजा, चक मार्ग तथा इंटरलॉकिंग के अतिरिक्त शौचालय एवं आवास को लेकर प्रदर्शन करते हुए खंड विकास अधिकारी के नाम ज्ञापन ब्लॉक के अधिकारियों को सौपा। ज्ञापन में मांग किया है कि शीघ्र ही मांगों का निस्तारण करते हुए पात्र लाभार्थियों को आवास, शौचालय दिया जाए तथा आवश्यकता अनुसार नाली निर्माण के साथ इंटरलॉकिंग भी कराया जाए ताकि जन सुविधा हो सके। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से महिला जिला अध्यक्ष गुंजा पटेल, तहसील अध्यक्ष हरि गोविंद, ब्लॉक अध्यक्ष जियालाल, उमा देवी, अशोक मिश्रा, प्रियंका देवी, संगीता पाल, सुरेश चंद्र , उर्मिला पटेल सहित आदि लोग उपस्थित रहे।


### यमुनापार के छः ब्लाक प्रमुख तीन नगर पंचायत अध्यक्ष ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



**करछना।** भाजपा के राष्ट्रवादी विचारधारा, जन कल्याणकारी नीतियों व एतिहासिक विकास से प्रभावित होकर यमुनापार से सपा सहित विभिन्न पार्टियों के छः ब्लाक प्रमुख व तीन नगर पंचायत अध्यक्षों ने बुधवार को आधिकारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक आदि की नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर 2024 लोकसभा चुनाव में एतिहासिक जीत का संकल्प लिया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति के सहमति से जिला उपाध्यक्ष व ज्वाईनिंग प्रमुख जय सिंह पटेल के नेतृत्व में जसरा ब्लाक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, चाका ब्लाक प्रमुख अनिल सिंह पटेल,कौंधियारा ब्लाक प्रमुख इंद्रनाथ मिश्रा, करछना ब्लाक प्रमुख सरोज द्विवेदी,उरूआ ब्लाक प्रमुख आरती गौतम,कोरांव ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल,भारतगंज नगर पंचायत अध्यक्ष फरा बेगम, कोरांव नगर पंचायत अध्यक्ष ओम केसरी,शंकरगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष पार्वती कोटार्या ने प्रदेश कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया। कुछ ब्लाक प्रमुख पूर्व से ही पार्टी के रीति-नीति के साथ चल रहे थे उन सभी ने आज आधिकारिक रूप से पार्टी की सदस्यता ली यमुनापार के भाजपाइयों ने सभी को शुभकामनाएं दी।

# ईशा पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल





**फूलपुर।** देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने के साथ उसकी समृद्धि के लिए वीर जवानों के अलावा वीरांगनाओं ने भी अपना घर परिवार का त्याग कर देश के लिए कुर्बानियां दी है । उनमें से झांसी की रानी लक्ष्मीबाई भी एक थी जिन्होंने अपने त्याग व बलिदान से महिलाओं को बहुमूल्य प्रेरणा दी। यह बातें बुधवार को बाबूगंज स्थित ईशा पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सुरेंद्र मौर्य ने कही। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। देश के सबसे बड़े आतंकी हमले पर आधारित पुलवामा अटैक नाट्य जहां लोगों को देश प्रेम से जोड़े रखा वहीं बूढ़े माता-पिता, जल संरक्षण, पगड़ी संभाल, मेरा वाला डांस, मैं लड़ जावा मैं लड़ जावा, संदेशे आते हैं, देश नहीं झुकने दूंगा, चक धूम धूम, इंडिया वाला डांस आदि कार्यक्रमों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। वही बूंद बूंद बने सागर, समय का पहिया चलता है व शिक्षा पर आधारित नाट्य ने लोगों को भाव विभोर कर दिया। विद्यालय के प्रबंधक विजय पाल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की बच्चों को उच्च एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने अभिवावकों को आश्वस्त किया की जिस उम्मीद एवं अपेक्षा के साथ वो बच्चे को विद्यालय में भेजते हैं विद्यालय प्रबंधन उनकी उम्मीदों पर हमेशा खरा उतरने का काम करेगा। कार्यक्रम का कुशल संचालन अजय पाल ने किया। मौके पर भाजपा नेता आलोक गुप्ता,अशोक चौधरी,वीरेंद्र यादव, राजेश पुष्कर, नागेंद्र मोहन मिश्रा, रोशन लाल पटेल, योगेश कुमार पटेल, मनोज कुमार पटेल, अब्दुल वाहिद, राजू जायसवाल सहित भारी संख्या में विद्यालय के छात्र एवं अभिवावक मौजूद रहे।



## क्रिकेट टूनार्मेंट में फाइनल मैच का विजेता बनी चकब्रदस की टीम

**करछना।** जिले के यमुनापार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत हथिगन के मरहूम मोहम्मद शकील अहमद स्पोर्टिंग क्लब हथिगन द्वारा किक्रेट टूनार्मेंट का सोमवार को समापन हुआ। जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया। फाइल मैच चकब्रदस और नूरैन ऐलेवन के बीच खेला गया। जिसमें नूरैन ऐलेवन ने बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवरों में 177 रन बनाए जबकि चकब्रदस ठिम ने 10 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। फाइनल मैच की मुख्य अतिथि भावी प्रधान प्रत्यासी मोहम्मद सोनू रहें । उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से लोगों में एकता और अनुशासन का विकास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें खुशी होंगी कि अपने क्षेत्र में कोई महेंद्र सिंह धोनी बन कर निकलें। इस मौके पर। मोहम्मद अकरम, भावी प्रधान प्रत्यासी सोनू, अब्दुल्ला सिद्दीकी,महेश सिंह उर्फ सनी सिंह, मोहमद दानिश,कोटेदार मोहम्मद शादाब, सत्यम सिंह,कमल सिंह, अर्जून सिंह,अमन ,रासिद, जिशान, आदि क्षेत्र को लोग मौजूद रहे।

# मौनी अमावस्या पर दो करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान, नौ घाटों पर लगेगी डुबकी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर संगम में डुबकी लगाने के लिए अभी से भीड़ पहुंचने लगी है। यूपी, एमपी, बिहार के अलावा उत्तर से लेकर दक्षिण तक के राज्यों से श्रद्धालु माघ मेला के शिविरों में पहुंच रहे हैं। इस बार दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के मौन स्नान का अनुमान है। भीड़ के आकलन के आधार पर चुस्त तैयारियां की जा रही हैं। चार स्नान घाट बढ़ाए जा रहे हैं। इस बार नौ घाटों पर संतों-भक्तों की मौन डुबकी लगेगी।मौनी अमावस्या चार दिन बाद नौ फरवरी को है। इससे पहले ही श्रद्धालुओं की टोलियां माघ मेले में पहुंचने लगी हैं। मंगलवार को गोरखपुर, देवरिया, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी , जौनपुर समेत पूर्वांचल के कई जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिविरों में पहुंचे। इस दौरान झूंसी साइड से मनसइता पुलिया होकर आने वाले रास्ते पर भीड़ के दबाव को देखते हुए पुलिस ने वाहनों को रोक दिया। इससे काफी देर तक जाम लगा रहा।गोरखपुर के ददौरा गांव से आ रहे राजाराम पांडेय के वाहन को घंटों रोके रखा गया। उनके साथ 30 से अधिक कल्पवासी भी थे। इन कल्पवासियों को सेक्टर तीन स्थित काली मार्ग पर तीर्थपुरोहित और प्रयागवाल सभा के अध्यक्ष रहे डॉ. प्रकाश चंद्र मिश्र के शिविर में जाना था।बाद में माघ मेला एसएसपी डॉ. राजीव नारायण मिश्र को जब इसकी जानकारी हुई, तब उनके निर्देश पर कल्पवासियों के वाहनों को एक-एक कर जाने दिया गया और वह अपने शिविरों में पहुंच सके। इसी तरह आचार्यवाड़ा और दंडी वाड़ा के शिविरों में भी देर रात तक श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला बना रहा।

## मेला प्रशासन ने की मौनी अमावस्या स्नान पर्व की तैयारियों की समीक्षा

**प्रयागराज।** देर शाम मेला प्रशासन ने मौनी अमावस्या स्नान पर्व की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान कटान वाले घाटों पर डबल बैरिकेडिंग लगाने और स्नान घाटों को संतों-भक्तों, कल्पवासियों के लिए बेहतर बनाने के लिए कहा गया। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद, डीएम नवनीत सिंह चहल, प्रभारी माघ मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद और अपर मेलाधिकारी विवेक चतुवेर्दी उपस्थित थे।

### शहर के लोगों को मिलेगा नया रास्ता नया घाट

मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर भीड़ के अनुमान को देखते हुए शहर के लोगों के लिए नया रास्ता और नया स्नान घाट देने की तैयारी है। इसके लिए इस बार बक्शीबांध के पास पार्किंग बनाई जा रही है। मेला एसएसपी डॉ. राजीव नारायण मिश्र के मुताबिक शहर के लोगों को पहली बार नया घाट और नया रास्ता मिलेगा। नागवासुकि से लगी पार्किंग में गाड़ी पार्क करने के बाद श्रद्धालु मौन डुबकी लगाएंगे। ऐसे श्रद्धालु पुल नंबर पांच से मेला क्षेत्र में प्रवेश करेंगे और पुल नंबर छह से निकास होगा।

### मौनी अमावस्या पर शहर में पांच स्थानों पर ई-रिक्शा का परिचालन प्रतिबंधित

**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या पर होने वाली भीड़ के मद्देनजर मेले में सर्वाधिक भीड़ वाले पांच सड़कों पर ई-रिक्शा संचालन पर रोक जारी कर दिया गया है। जिन स्थानों पर ई-रिक्शा का संचालन प्रतिबंधिक किया गया है उनमें यह मार्ग हैं।

1. बांगड़ चौराहे से हर्षवर्धन चौराहे की तरफ
2. सीएमपी डॉट पुल से हर्षवर्धन की तरफ
3. गीता निकेतन से जीटी जवाहर चौराहे की तरफ
4. अलोपी माता मंदिर से जीटी जवाहर चौराहे की तरफ
5. पटेल संस्थान से जीटी जवाहर चौराहे की तरफ संचालन प्रतिबंधित रहेगा।

### प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या को देखते हुए एनडीआरफ की महिला बचाव कर्मी की तैनाती त्रिवेणी संगम पर




**प्रयागराज।** माघ मेला महोत्सव प्रयागराज के संगम तट पर वर्षो से चली आ रही विगत वर्षों की भाती इस बार भी माघ मेला में भव्य आयोजन किया गया है इस माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अपनी पूरी निष्ठा के साथ एनडीआरएफ के जवान प्रयागराज संगम तट पर विभिन्न घाटों पर तैनात किए गए हैं पिछले वर्ष की भांति श्रद्धालुओ की संख्या को देखते हुए इस बार भी एनडीआरएफ की दो टीमें वीआईपी घाट, संगम घाट,अरैल घाट तथा रामघाट आदि और नजदीक घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा में गंगा , यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर तैनात हैं खासकर एनडीआरएफ की महिला बचाव बचाव कर्मी की तैनाती संगम मध्य में में किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए की गई है । इसके अतिरिक्त एनडीआरएफ की मेडिकल टीम वीआईपी घाट पर निशुल्क उपचार के लिए मौजूद है एनडीआरएफ की दो टीमें जिसमें प्रत्येक में गोताखोर ,पैरामेडिकल डिप डिविंग सेट, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय व अन्य आधुनिक बचाव उपकरण,12 वोट्स और लगभग 70 बचाव कर्मियों के साथ प्रयागराज के प्रमुख घाटों पर तैनात की गई है।

## तीन दिनों के लिए प्रयागराज में भारी वाहनों की नो इंट्री




**प्रयागराज।** माघ मेले के सबसे प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या के मद्देनजर जनपद में आठ से 11 फरवरी तक भारी वाहनों के लिए नो इंट्री लागू रहेगी। यह प्रतिबंध बुधवार रात से 11 फरवरी तक लागू रहेगा। आदेश पासधारक वाहनों पर भी प्रभावी होगा।जनपदीय सीमा के अंदर नो इंट्री प्वाइंट बनाए गए हैं जहां से भारी / कॉमिर्शियल वाहनों को शहर क्षेत्र की ओर प्रवेश करने से रोककर डायवर्ट किया जाएगा। इनमें मलाक हरहर तिराहा, मंदर मोड़ धूमनगंज, सहसों चौराहा, ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा, हबूसा मोड़, रामपुर चौराहा, सोरांव बाईपास, घूरपुर थाना गेट, नवाबगंज बाईपास, लेप्रोसी तिराहा, फाफामऊ, अंदावा चौराहा नो इंट्री प्वाइंटर शामिल हैं।

### भारी/ कॉमिर्शियल वाहनों के लिए अंतरजनपदीय डायवर्जन

(1) कानपुर से प्रयागराज होकर वाराणसी की ओर जाने वाला यातायात
कानपुर नगर की ओर से आने वाले वाहन कोखराज जनपद कौशाम्बी से बने बाईपास पर मोड़ दिए जाएंगे जो बाईपास से सीधे हंडिया होते हुए वाराणसी की ओर जाएंगे।वाराणसी की ओर से आकर कानपुर की ओर जाने वाला यातायात हंडिया बाईपास रोड होते हुए कोखराज से कानपुर की ओर जाएंगे।

(2) कानपुर से प्रयागराज होकर बांदा की ओर जाने वाला यातायात

जनपद फतेहपुर स्थित चौडगरा चौराहा से बिंदकी से बंधवा तिराहा ललौली से चिल्ला होते हुए बांदा की ओर भेजे जाएंगे और वापसी का रास्ता भी यही होगा।

(3) कानपुर से प्रयागराज होकर मिजार्पुर की ओर जाने वाला यातायात

जनपद फतेहपुर स्थित चौडगरा से बिन्दकी से बंधवा तिराहा ललौली से चिल्ला से बांदा की ओर वाहन जाएंगे। वहां से कर्वी, मऊ, शंकरगढ़ से नारीबारी, खीरी, कोरांव, मांडा से दाहिने मुड़कर मिजार्पुर की ओर जाएंगे और वापसी भी इसी मार्ग से होगी।

(4) कानपुर से प्रयागराज होकर रीवां की ओर जाने वाला यातायात
घाटमपुर, हमीरपुर रोड बांदा, कर्वी, शंकरगढ़ से नारीबारी से दाहिने मुड़कर रीवां जाएंगे। इसी मार्ग से वापसी भी करेंगे।

(5) कानपुर से प्रयागराज होकर औराई मिजार्पुर को जाने वाला यातायात
कोखराज बाईपास मार्ग पर मुड़कर सीधे हंडिया से औराई से दाहिने मुड़कर चिल्हा होते हुए मिजार्पुर जाएंगे।

(6) रीवां से प्रयागराज होकर वाराणसी की ओर जाने वाला यातायात
रीवा (मध्य प्रदेश) के थाना मनगवां से हनुमना होते हुए मिजार्पुर एवं वहां से वाराणसी भेजे जाएंगे और वापसी का मार्ग भी यही होगा।

(7) रीवां से प्रयागराज होकर लखनऊ की ओर जाने वाला यातायात
रीवा से नारीबारी से बांए मुड़कर शंकरगढ़, मऊ, कर्वी, बांदा से चिल्ला पुल पार कर बिन्दकी फतेहपुर असनी पुल पारकर लालगंज, रायबरेली से लखनऊ की ओर और वापसी भी इसी मार्ग से होगी।

(8) रायबरेली की ओर से आकर प्रयागराज होकर वाराणसी की ओर जाने वाला यातायात
ऐसे भारी वाहन जो रायबरेली से प्रयागराज होकर वाराणसी की ओर जाना चाहते हैं उन्हें रायबरेली से लालगंज (प्रतापगढ़) भोपिया मऊ, बौराहा रानीगंज, मुंगरा बादशाहपुर जौनपुर होते हुए वाराणसी भेजा जाएगा।

## गाड़ी में टक्कर लगने से दबंगों ने मारपीट कर पिस्टल से गोली मारी

**प्रयागराज।** शिवकुटी थाना अंतर्गत शिवकुटी में बर्थडे पार्टी से विदा कर रहे मेहमानों की गाड़ी में मामूली रूप से टक्कर लगने से हुए विवाद में दबंगों ने महिला समेत अन्य लोगों की जमकर पिटाई करने के बाद महिला पर पिस्टल से फायर झोंक दिया और चार पहिया वाहन को लाठी डंडे से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। भुक्तभोगी महिला ने आरोपियों के खिलाफ शिवकुटी थाने में जानलेवा हमला सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक शिवकुटी निवासिनी गंगा देवी के घर पर बर्थडे पार्टी थी। पार्टी खत्म होने के बाद रिश्तेदार को छोड़ने के लिए घर से बाहर निकले थे। तभी पड़ोस के कुछ दबंग किस्म के लोगों ने गाड़ी पीछे करने पर टक्कर लगने के विवाद में दबंगों ने महिला समेत अन्य लोगों की जमकर पिटाई कर महिला पर जान से मार देने की नियत से पिस्टल से फायर कर दिया लेकिन गनीमत रही कि महिला की जान बच गई। उसके बावजूद भी दबंगों ने चार पहिया वाहन को लाठी डंडे से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। महिला ने आरोपी शिवकुटी निवासी शिवम त्रिपाठी और अनूप चतुवेर्दी सहित आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## नैनी के दो खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय सब जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता में

**नैनी।** नैनी के सौरभ निषाद व आर्यन यादव का चयन राष्ट्रीय सब जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता में 7 फरवरी से राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में आयोजित होने वाली सब जूनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप में प्रतिभा करने वाली उत्तर प्रदेश टीम का विशेष प्रशिक्षण शिविर केडी सिंह बाबू स्टेडियम महानगर लखनऊ में आयोजित की गई थी जिसमें खिलाड़ियों के प्रतिभा के अनुसार सब जूनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभा करने हेतु उत्तर प्रदेश टीम घोषणा कर दी गई। उत्तर प्रदेश टीम मैं प्रयागराज नैनी के तीन बालक खिलाड़ियों 1 सौरभ निषाद 2 आर्यन यादव का चयन टीम में किया गया इसकी सूचना उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडे ने प्रयागराज हैंडबॉल संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित को दिए सौरव निषाद आर्यन यादव दोनों केंद्रीय विद्यालय नैनी के छात्र हैं तथा इससे पूर्व केंद्रीय विद्यालय नेशनल प्रतियोगिता व एसजीएफआई राष्ट्रीय विद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभा कर चुके हैं उक्त खिलाड़ियों का उत्तर प्रदेश टीम में खिलाड़ियों को चयन होने पर प्रयागराज महापौर गणेश केसरवानी तथा संघ के पदाधिकारी बी दीक्षित योगराज मिश्रा दिनेश कुमार मिश्रा पंकज, मंडल प्रशिक्षक गोविंद कुमार निषाद सचिन अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी सोनम सिंह अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी सृष्टि अगरवाल अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी नेहा पांडे अंतरराष्ट्रीय कोच विनय मिश्रा के के चौबे अनिल मिश्रा प्रांजल सिंह विनय पांडे अखिलेश वर्मा अभिषेक गुप्ता राम बहादुर सिंह अनुपम सिंह आयुष यादव वैभव दिक्षित अतुल सिंह व विमला सिंह क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी देवी प्रसाद जिला उप क्रीड़ा अधिकारी जिला खेल कार्यालय मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज व अन्य साथी खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा संबंधित सर्वोच्च अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि भविष्य में हैंडबॉल खेल प्रतिभा को बढ़ाने के लिए जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज का अथक सहयोग किया जाएगा।

**केंद्रीय विद्यालय नैनी के छात्र हैं सौरव निषाद व आर्यन यादव**



## प्रयागराज जंक्शन पर पकड़े गए 137 बिना टिकट यात्री



**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें 2 पैसेंजर ट्रेन और 15 मेल एक्सप्रेस ट्रेनों का चेक किया गया। 57 यात्रियों को बिना टिकट पकड़कर उनसे 40,390 रुपये जुमार्ना वसूल किया गया। 80 यात्रियों को अनियमित यात्रा में पकड़कर 39,760 रुपये जुमार्ना वसूल किया गया। इसी तरह तीन अवैध वेंडरों को पकड़कर रेलवे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। ट्रेन संख्या 12307 से अवैध रूप से बिक्री की जा रही 264 पानी की बोतलों को भी जब्त किया गया। न्याय दंडाधिकारी अमित कुमार की उपस्थिति में मुख्य टिकट निरीक्षक दिवाकर शुक्ला आदि रहे।

### अवैध रूप से रेल टिकट बेचने वाला गिरफ्तार

**ऑपरेशन उपलब्ध के तहत आरपीएफ ने की कार्रवाई**




**प्रयागराज।** बुधवार को अवैध रूप से रेल टिकट का व्यापार करने वाला युवक गिरफ्तार किया गया है। ऑपरेशन उपलब्ध के तहत आरपीएफ ने यह कार्रवाई की है। उसके पास से पांच ई-टिकट भी बरामद किए गए हैं। पूछताछ में पता चला कि वह कई दिनों से लोगों को अवैध रूप से टिकट बेच रहा था। टिकटों की कालाबाजारी कर रहा था। इसकी सूचना पर आरपीएफ की टीम उसकी तलाश कर रही थी। पूछताछ में पता चला कि उसका नाम शरद बाजपेई है और वह जीटीबी नगर धूमनगंज का रहने वाला है। टीम ने उसे खुल्दाबाद स्थित उसके दुकान से गिरफ्तार किया है। उसके पास से आने वाले दिनों के एक ई-टिकट, पिछले दिनों के चार ई-टिकट व 700 रुपये नकद बरामद किए गए। उसके खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, प्रयागराज में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में सहायक उप निरीक्षक उमेश कुमार सरोज, हेड कांस्टेबल रमेश राम, लाखन सिंह, मनोज कुमार आदि शामिल रहे।

## महिला सिपाही की बहन ने फांसी लगाकर दी जान, दुपट्टे के सहारे लटका मिला शव

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मेजा थाने में तैनात महिला सिपाही कादंबरी चौहान की बहन ने दुपट्टा का सहारा लेकर बुधवार शाम को कमरे के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर मौके पर मेजा थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय के साथ पहुंची महिला सिपाही कादंबरी फूट-फूट कर रो पड़ी। पुलिस ने शव को नीचे उतार पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कानपुर नगर की रहने वाली महिला सिपाही कादंबरी चौहान यहां ब्लॉक मुख्यालय मेजा के कर्मचारी कालोनी में एक कमरे में रहती है।अपने साथ अपनी छोटी बहन किरन (20) को भी रखी थी। बुधवार शाम को महिला सिपाही थाने पर ड्यूटी पर थी। इसी दौरान उसकी बहन किरन ने पंखे में दुपट्टा का सहारा लेकर फांसी के फंदे से झूल गई। जिससे उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना थाने पर पहुंची तो थानाध्यक्ष के साथ महिला सिपाही भी मौके पर पहुंच गई।बहन को फांसी के फंदे से झूलते देख वह फूट-फूटकर रो पड़ी। वह क्यों आत्महत्या की। यह पता नहीं चल सका है। वह अभी हाल ही में चार दिन पहले यहां आई थी। मेजा थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पा रही है।

### 20 बकायेदारों ने जमा किया 14.39 लाख गृहकर

**प्रयागराज।** नगर निगम की ओर से गृहकर के बड़े बकायेदारों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई के लिए मंगलवार को भी कटरा और अल्लापुर जोन में अभियान चलाया गया। कटरा के अंतर्गत छह बकायेदारों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई होनी थी लेकिन उन्होंने 11 लाख रुपये जमा किए। इसके बाद कार्रवाई रोक दी गई। वहीं, अल्लापुर में भी सभी 14 बकायेदारों ने 3.39 लाख रुपये जमा किए। इस तरह से कुल 20 बकायेदारों ने 14.39 लाख रुपये जमा किए। इसलिए इनके खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई रोक दी गई। इस दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी, कर अधीक्षक मोनिका रस्तोगी, झम्मन सिंह आदि मौजूद रहे।

### गांव चलो अभियान कार्यक्रम को सफल बनाएं , संजय

**नैनी।** नैनी में गांव चलो अभियान की ओर कार्यक्रम 10 2 2024 शनिवार को नैनी किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में आयोजित की जाएगी 12 बजे दोपहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है समस्त नैनी किसान मोर्चा के कार्यकर्ता गढ़ से अपील है कि कृपया गांव चलो अभियान में अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्यक्रम को सफल बनाएं निवेदक संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज नैनी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा महामंत्री उमेश सेन।

## जल्द होगा महिला के हत्या का खुलासा

**पुलिस कॉल डिटेल खंगाल लगा रही है पता**

**झूंसी।** तीन दिन पूर्व झूंसी के भतकार गांव में एक महिला की नृशंस हत्या कर उसके शव को बालू में दफना दिया गया था। महिला के परिजन खोजबीन करते हुए उसकी लाश को बालू के गड्ढे से निकलवाया और पुलिस को तहरीर दी। इस मामले में पुलिस ने कई लोगों को उठाया और उनसे पूछताछ की। चर्चा के मुताबिक पुलिस काल डिटेल से हथियारों तक लगभग पहुंच चुकी है, जल्द ही उनकी गिरफ्तारी होगी। चर्चा यह भी है कि इस मामले में किसी तांत्रिक का भी हाथ होने का संदेह है। झूंसी एसओ उपेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा। बता दें कि राम आसरे निषाद की पत्नी बिटोला शनिवार की दोपहर सरपत काटने गंगा के कछार में गई थी और लौटकर नहीं आई। रविवार सुबह कछार में रेत में आधा गड़ा शव मिला। हत्यारों ने धारदार हथियार से कई बार उसके चेहरे व शरीर के अन्य हिस्सों पर वार किया गया था। ताकि उसकी पहचान न हो सके।

### कार में ट्रक ने मारी टक्कर पांच घायल

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार रात शंकरढाल पर ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। कार क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें सवार एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। सभी दावत से लौट रहे थे। नैनी चकदाउदनगर के राजेन्द्र कुमार, पत्नी और बच्चे अतुल कुमार, आदित्य व अंकिता के साथ कार से दावत में गए थे। लौटते समय रात लगभग एक बजे शंकरढाल पर हादसा हुआ। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

## महाविद्यालय के तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह संपन्न हुआ

**नैनी।** नैनी हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 30 वें तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो० ब्रह्मदेव निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज रहे। उक्त समारोह में सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय, क्रीड़ा समिति, समस्त विभागाध्यक्षों एवं तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत बैज लगाकर पुष्पगुच्छ स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया। मुख्य अतिथि प्रो० ब्रह्मदेव ने अपने उद्बोधन में जीवन में खेलकूद व्यायाम एवं पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया उन्होंने बताया कि इससे विहीन जीवन अस्वस्थता से युक्त एवं वास्तविक विकास से विरत रहता है इसलिए विद्यार्थियों को क्रीडा व्यायाम एवं पोषण को बनाए रखते हुए पठनेतर गतिविधियों में प्रतिभाग करते हुए अपने लक्ष्य के प्रति आगे बढ़ना चाहिए। मुख्य अतिथि महोदय ने विशेष रूप से महिलाओं एवं समाज की मुख्य धारा से विरत वर्ग की शिक्षा वह उनके व्यक्तित्व विकास पर बल देने की वकालत की। बढ़ती जनसंख्या और नगरीकरण के कारण शारीरिक गतिविधियों से संबंधित संसाधनों की कमी एवं मोबाइल के अंधाधुंध प्रयोग पर अपनी चिंता प्रकट की तथा छात्र-छात्राओं से शिक्षा प्राप्त करने के संदर्भ में वर्तमान चुनौतियों से संघर्ष करते हुए सर्वांग पूर्ण विकास प्राप्त करने का आवाहन किया। मुख्य अतिथि द्वारा विजयी प्रतिभागियों को बधाई भी दी गई एवं स्पर्धा में प्रतिभाग करने वालों को विजयी प्रतिभागियों से अधिक महत्वपूर्ण बताया। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात विभिन्न प्रतिस्पधाओं का पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण हुआ जिसमें छात्र वर्ग के अंतर्गत सोमदत्त बिन्द एवं छात्रा वर्ग में नेहा मिश्रा चैंपियन रहे। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० ओमप्रकाश ने विजयी प्रतिभागियों एवं प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए व्यक्तित्व निर्माण हेतु सभी से क्रीडा संबंधी गतिविधियों में शामिल होने का आह्वान किया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय परिवार के समस्त छात्र-छात्रा कर्मचारी एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे। मंच संचालन डा अर्चना राय एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर भास्कर शुक्ल डॉ अमित कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।

**नेहा मिश्रा और सोमदत्त बिन्द बने चैम्पियन**




## नाम संशोधन सूचना

मैं राजेंद्र कुमार पुत्र बंशीलाल पाल निवासी दरियापुर माझियावां थाना कोखराज तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी का निवासी हूँ प्रार्थी JC356019K नायब सूबेदार 21 वीसी फील्ड कंपनी 102 अभियंता दल के पद पर सेवारत है प्रार्थी के सर्विस रिकॉर्ड में पत्नी का नाम मीना देवी के स्थान पर मीना देवी पाल भूलवश दर्ज हो गया है जो गलत है प्रार्थी की पत्नी का सही नाम मीना देवी है।

**प्रार्थी**
**राजेंद्र कुमार पुत्र बंशीलाल पाल निवासी दरियापुर मझियावा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी यूनिट 102 इंजीनियर रेजीमेंट 56 एपीओ पुणे 914102**

# प्रदेश में महिलाओं पर हो रहा ज्यादा अत्याचारः रिबू श्रीवास्तव

## बूथ प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंची महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संगठन को चुस्त-दुरुस्त बनाने तथा बूथ स्तर पर मजबूती के उपायों पर विशेष रूप से प्रशिक्षण को लेकर बुधवार को गोकुल लान में बूथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला सभा जिला अध्यक्ष शांति सिंह ने किया संचालन ज्योति यादव ने किया।

उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में समाजवादी पार्टी की महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी प्रवक्ता सैयद जरीन व समाजवादी पार्टी प्रवक्ता पूजा शुक्ला मौजूद रही। आयोजित कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। इस मौके पर लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मंत्रणा करते हुए बूथ स्तर पर संगठन के मजबूती पर रणनीति तैयार कर लोगों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव ने बूथ मैनेजमेंट,वोटरलिस्ट के साथ बूथ कमेटियों पर चर्चा करते हुए समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं के ऊपर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहा तो इस समय हो रहा है अगर आपको देखना है तो मणिपुर की घटना को देखिए। हाथरस का कांड देखिए और महिलाओं को 4 किलो अनाज देकर उनसे डीजल पेट्रोल में 35 रुपये लिए जा रहे हैं। इस मौके पर समाजवादी पार्टी प्रवक्ता सैयद जरीन ने बताया कि डबल इंजन की सरकार कह रही है कि महिलाएं रात में गहने पहन कर भी घूम सकती हैं परंतु इस वक्त ऐसा हो रहा की महिलाएं घरों में ही गहने पहनकर नहीं रह सकती। इस मौके पर सावित्री यादव, राजकुमारी सरोज, आशा पटेल, जोशना सिंह, उर्मिला उपाध्याय, सबीना बानो, मदीना बानो, आशिता मौर्य, संजू मौर्य, कंचन वर्मा, पुष्पा सरोज, जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडे, जिला उपाध्यक्ष जगदीश मौर्य, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, सागर यादव, धनंजय यादव, डॉक्टर एजाज अहमद, रईस अहमद आदि लोग मौजूद रहे।



प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव का स्वागत करतीं महिला सभा की पदाधिकारी।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर इंदिरा भवन पर हुई तैयारी बैठक

### 19 फरवरी को प्रतापगढ़ आएगी यात्रा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा 19 फरवरी को प्रतापगढ़ में आ रही है। इसी के संदर्भ में एक तैयारी बैठक आज यहां जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन डॉ0 नीरज तिवारी ने किया।

बैठक में सभी फ्रंटल संगठन, ब्लॉक अध्यक्ष गण, सेवा दल के सभी पदाधिकारियों समेत सभी संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में आवश्यक सभी बिंदुओं पर सघन चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में यात्रा के संभावित रुट पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित कांग्रेस जनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा का उद्देश्य समाज में तेजी से लोगों के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध न्याय की लड़ाई के लिए है, युवाओं को बेरोजगारी, किसानों को न्याय, महिलाओं को सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों को लेकर की जा रही यात्रा का अभूतपूर्व स्वागत हो रहा है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष डा0 वी0के0सिंह, पीसीसी सदस्य डॉ0 नीरज त्रिपाठी, डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल, प्रशांत सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, राम रतन तिवारी, मो0 इश्तियाक, राम शिरोमणि वर्मा, अभय किशोर तिवारी, मो0 दिलशाद, मो0 असलम खां, सुधीर तिवारी, सुरेश मिश्र, सलीम उल्ला, मो0 असलम खां, आशीष तिवारी, प्रवीण द्विवेदी एडवोकेट, विश्वास सिंह, सलमान खान, ओम प्रकाश सरोज, अब्दुल माबूद, अरविंद तिवारी, बन्ने मालिक, चरण सिंह यादव, सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।



इंदिरा भवन पर आयोजित बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर मे 127 मरीजों की हुई जाँच

### पूर्व सांसद रत्ना सिंह ने शिविर का किया शुभारभ

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के सीएचसी कालाकांकर में बुधवार को एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का शुभारम्भ प्रतापगढ़ की पूर्व सांसद एव कालेज प्रबंधिका राजकुमारी रत्ना सिंह ने शुभारम्भ किया जिसमें शिविर में उपस्थित चिकित्सकों की टीम ने कुल 127 मनोरोग की मानसिक जांच किया जिसमे 17 मरीज मनोरोग के पाए, जिनको योगा करते रहने का उपाय बताते हुए घर भेज दिया।



शिविर का फीता काटकर शुभारंभ करतीं पूर्व सांसद रत्ना सिंह।

शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक रहा शिविर मे जिले से आये चिकित्सक डा ज्ञानेंद्र मौर्या, डा0 संजय द्विवेदी काउंसलर, डा0 मुकेश मौर्या मनोरोग समाजिक कार्यकर्ता, चिकित्साप्रभारी सी सी सी कालाकांकर डा0 मनोज कुमार वर्मा, डा0 दिनेश, डा0 मख्तार अहमद, डा0 अमित दुबे, डा0 ओ पी कुशवाहा डेंटिस्ट, संदीप फार्माशिष्ट, अनुराग शुक्ला, हरेंद्र प्रताप, रमा मौर्या, नीरज प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।

### निर्माण कार्य का विरोध करने पर महिला को पीटकर किया जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विवादित भूमि पर निर्माण करने से महिला ने रोका तो आरोपियों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित महिला किसी तरह अपनी जान बचाई और मामले के शिकायत थाने में किया है। आसपुर देवसर थाना क्षेत्र के बनवीरपुर गांव की रहने वाली हैप्पी ने बताया कि उसके पड़ोसी विवादित बाग में जबरन निर्माण कर रहे थे जबकि उक्त स्थल का स्थगन आदेश न्यायालय द्वारा दिया गया है। पीड़ित महिला ने जब इसका विरोध किया तो उसके पड़ोसी तीन आरोपी एकजुट होकर उसे मारने पीटने लगे पीड़ित महिला का आरोप है की मरणासन्न हो जाने पर आरोपी उसे छोड़कर भाग गए।

# शिलान्यास के डेढ़ वर्ष बाद भी अधूरी पड़ी सड़क

## सांगीपुर के वीरशाहपुर प्रावि का है मार्ग, शंकरगढ़ गिट्टी पर गिर रहे है नौनिहाल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज/सांगीपुर, प्रतापगढ़।** शिलान्यास के डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी प्राथमिक विद्यालय की सड़क का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। मार्ग पर पड़ी शंकरगढ़ की गिट्टी की वजह से रोज नौनिहाल गिरकर चोटिल हो रहे है। प्रशासन जानकारी के बाद भी लापरवाह बना हुआ है।

विकास खंड सांगीपुर क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय वीरशहपुर को रायपुर तियाई मार्ग से जोड़ने वाली सड़क को पीसी बनाने की आधारशिला स्थानीय नेताओं द्वारा जुलाई 2022 में ही रख दी गई। उक्त कार्य का निर्माण जिला पंचायत से लगभग दस लाख की लागत से कराया जाना है। कार्यदायी संस्था ने शिलान्यास के कुछ माह बाद सड़क पर शंकरगढ़ की गिट्टी डालकर इस कार्य को भूल गया। डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी इस समस्या की तरफ न तो विभाग के लोग देख रहे है और न ही शिलान्यास करने वालों की नजर पड़ रही है। यहां तक कि मार्ग पर पड़ी गिट्टी पर रोलर तक नसीब नही हो सका है। इसी रास्ते से नौनिहालों के साथ ही ग्रामीणों का आना-जाना रहता है। बोल्डर गिट्टी की वजह से स्कूल के मासूम बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे है। वहीं गांव के कुछ लोगो ने बताया कि इससे अच्छी तो पहले ही थी कम से कम लोग आ जा सकते थे, लेकिन आज लगभग डेढ़ वर्ष से तो लोगो के लिए यह मार्ग किसी मुसीबत से कम नहीं है। इस समय के समाधान के लिए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।



सांगीपुर के वीरशाहपुर की अधूरा पड़ी सड़क।

# प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर तरीके से दें प्रशिक्षणः डीएम

### जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के निदेशक जीतेन्द्र प्रसाद ने पिछली बैठक की कार्यवृत्त के सम्बन्ध में अवगत कराया। उन्होने बताया है कि बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 29 प्रशिक्षण दिये गये जिसमें कुल 764 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया, वित्तीय वर्ष में 513 सेटल्ड प्रशिक्षुओं में 491 स्वरोजगार में है एवं 22 वेतन पोषित है।

उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा अब तक कुल 322 प्रशिक्षण दिये गये जिसमें कुल 8633 लोगों को प्रशिक्षित किया गया, अब तक कुल 6177 सेटल्ड लोगों में 5659 स्वरोजगार एवं 518 वेतन रोजगार कर रहे है। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान द्वारा 28 प्रकार के प्रशिक्षण दिये जाते है। समीक्षा बैठक के दौरान प्रशिक्षण की स्थिति ठीक नही पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण की प्रगति में सुधार लाया जाये। प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के ऋण आवेदनों पर चर्चा की गयी जिसमें जिलाधिकारी ने एलडीएम को निर्देशित किया कि लम्बित आवेदन को सभी बैंकों के जिला समन्वयकों द्वारा संज्ञान में लाकर उनके निस्तारण में तेजी लायी जाये। जिलाधिकारी ने आरसेटी के निदेशक को निर्देशित किया कि प्रशिक्षणार्थियों को जो भी प्रशिक्षण दिया जाये उसे बेहतर तरीके से बताया जाये जिससे वे हुनर प्राप्त कर स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सके। संस्थान में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा जो भी प्रोडक्ट बनाये जाये उसको बाजारों में स्टाल लगाया जाये जिससे लोग आकर्षित होकर वस्तुओं को खरीदें और प्रशिक्षणार्थी को लाभ मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, डीसी एनआरएलएम एनएन मिश्रा, एलडीएम गोपाल शेखर झा, आरसेटी निदेशक जीतेन्द्र प्रसाद व बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

### आठ फरवरी को 118 जोड़ों का होगा विवाह

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 08 फरवरी 2024 को जनपद के चार विकास खण्डों के पात्र 118 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होने बताया है कि विकास खण्ड बाबागंज के 35 जोड़ों, बिहा? के 40 जोड़ों का विवाह सम्बन्धित विकास खण्ड परिसर में आयोजित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त विकास खण्ड कुण्डा के 30 व कालाकांकर के 13 जोड़ों का विवाह विकास खण्ड परिसर कालाकांकर में आयोजित होगा।

# इतिहास ज्ञान परीक्षा में साक्षी प्रथम, शिवानी को मिला दूसरा स्थान

## पीबीपीजी कालेज में हुई इतिहास ज्ञान प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय इतिहास संकलन समिति काशी प्रांत के संयोजन में पीबीपीजी कालेज सिटी में आयोजित इतिहास ज्ञान प्रतियोगिता में साक्षी सिंह बीए तृतीय वर्ष पहले स्थान पर रही। जबकि दूसरे स्थान पर शिवानी विश्वकर्मा एमए अंतिम वर्ष रही।

प्राचार्य प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाली छात्राओं को मेडल व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया। प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य प्रो. बृजभानु सिंह ने बताया कि परीक्षा का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में इतिहास के ज्ञान की परख करना है। प्रो. रामराज ने कहा कि भारतीय इतिहास सबसे प्राचीन है। इसकी बेहतर जानकारी के लिए समय समय पर इतिहास से जुड़ी गतिविधियां कराई जाती हैं। परीक्षा समन्वयक जिला महिला इतिहासकार अध्यक्ष डा0 अमृता सिंह ने बताया कि 130 प्रतिभागियों में प्रथम दो स्थान पाने वाले परीक्षार्थियों को पुरस्कृत किया गया। संचालन डा. राजीव कुमार सिंह ने किया। नीरज पांडेय, डा. देवेश सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।



विजेता छात्रा को प्रमाण पत्र देते अतिथि।

## भागवत कथा श्रवण से सुख समृद्धि में होती है वृद्धिः इंदिरारमणाचार्य

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील लालगंज के सरबाजपुर पुतईपुर में आयोजित श्रीमदभागवत कथा में कथाव्यास इंदिरा रमणाचार्य ने कथा प्रसंग में बताया कि श्रीमदभागवत महापुराण मोक्षदायिनी है। इस कथा का श्रवण करने से जीवन में सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। कथाव्यास ने कहा कि प्रेम ही संसार का सार है। यह जगत प्रेम के इसी तार से बंधा हुआ है। कथा के मुख्य आयोजक विद्यावती पाण्डेय ने श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। इस मौके पर कृष्ण प्रसाद शुक्ल, धीरेन्द्र पाण्डेय, शिवबहादुर सिंह, हरिओम मिश्र, फूलचंद्र तिवारी, विनोद शुक्ल, राममनोहर पाल, मृत्युंजय शुक्ल, काशी पाण्डेय, अवधेश नारायण शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## मोबाइल शाप में हुई चोरी का नहीं हो सका खुलासा, आक्रोश

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां पाईकगंज बाजार रेलवे फाटक के निकट बीती रात अज्ञात चोरो ने मोबाइल शाप की दुकान का शटर का ताला तोड़कर लगभग तीन-चार लाख रुपये का कीमती महंगे मोबाईल व मशीन चुरा ले गये थे। घटना को लगभग 15 दिन बीत रहे हैं, पुलिस अभी तक कोई ठोस नतीजे पर नहीं पहुंची और न ही पुलिस की कोई प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। पुलिस की कार्य शैली को लेकर व्यापारियों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि चोरी की बड़ी घटना को लगभग 15 दिन बीत रहे हैं। पुलिस अभी तक हाथ पे हाथ रखकर बैठी हुई है। पीड़ित दुकानदार व व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल से चोरी की घटना का खुलासा जल्द से जल्द करने की गुहार लगाई है।

### दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जिले की पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही में बुधवार को थाना महेशगंज प्रभारी निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त की धरपकड़ के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना महेशगंज के मु0अ0सं0 19/24 धारा 376(3) 323, 504 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया।

### दुष्कर्म के आरोपी पर कठोर कार्रवाई के लिए दिया ज्ञापन

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सपा नेता तथा जिला पंचायत सदस्य पर लगे दुष्कर्म के आरोप के मामले में भारतीय युवा विद्यार्थी संगठन ने उप जिलाधिकारी पट्टी को ज्ञापन देकर मामले में कार्यवाही की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष सक्षम सिंह योगी ने उप जिलाअधिकारी पट्टी को ज्ञापन देते हुए विशेष टीम गठित करके, अभियुक्त को जिला पंचायत सदस्य पद से हटाए जाने तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी तथा अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलाने की मांग की है।

# ब्लाक मुख्यालय कालाकाकर मे ब्लाक दिवस पर एक शिकायत पत्र मिला

### आवास न मिलने पर बीडीओ को दिया शिकायत पत्र

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना का लाभ ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर में उस समय देखने को मिला जिसमे ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर मे शासन की मंशा के अनुरूप सप्ताह के प्रथम बुधवार को ग्राम पंचायत बरियावा के प्रधानमंत्री आवास न मिलने की लिखित शिकायत पत्र खंड विकास अधिकारी कालांकाकर प्रवीन कुमार श्रीवास्तव को उक्त गांव निवासी शांती देबी पत्नी भैरव दीन यादव ने शिकायत पत्र दिया जिसमे कहा है कि प्राथर्नी अत्यंत गरीब व असहाय है मेहनत मजदूरी करके किसी तरह अपने चार बच्चो के परिवार का खर्च चला रही है। प्राथर्नी का कच्चा घर लगभग 10 वर्ष से गिरा पड़ा है जो खुले आसमान मे किसी तरह पन्नी व तिरपाल डालकर गुजर बसर कर रही कि प्रधान मंत्री आवास के लिए ग्राम प्रधान से कई बार कहा लेकिन ग्राम प्रधान ने बीपीएल सूची 2011 की लिस्ट मे नाम न होने की बात कह कर वापस कर देते थे जब की प्राथर्नी आवास की पात्र है फिर भी आवास नहीं मिल रहा है। इस बाबत खंड विकास अधिकारी कालाकाकर प्रवीन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत पत्र मिलने पर ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती उर्मिला देबी को जाँच के लिए आदेश दे दिया गया है यदि पात्र की श्रेणी मे प्राथर्नी आती है तो उसको प्रधानमंत्री आवास की औपचारिकता पुरी करने के बाद आवास का आवंटन दिया जायेगा। इसी क्रम मे शासन के निर्देश पर सप्ताह के प्रथम बुधवार को मुख्यालय पर आयोजित ब्लाक दिवस पर प्राथर्नी शांती देबी के पति भैरव नाथ यादव ने दिया, जिसमे प्रधान मंत्री आवास न मिलने की शिकायत पत्र खंड विकास अधिकारी को शिकायत कर्ता ने दिया। आयोजित ब्लाक दिवस पर ब्लाक मुख्यालय के समस्त ग्राम पंचायत सचिव व स्टॉफ मौजूद रहे। बीडीओ प्रवीन श्रीवास्तव ने सभी पंचायत सचिवो को निर्देश दिया कि ब्लाक दिवस पर आने वाले प्राथर्ना पत्रों की निर्भीक होकर जाँच पड़ताल करके रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराये ताकि शासन की मंशा पर खरे उतर सके प्राथर्नापत्रों की जाँच पड़ताल दबाब मे आकर न करे सही जाँच की रिपोर्ट दे ताकि लाभार्थी को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव अभिषेक शुक्ला, सुशील कुमार जायसवाल, श्रीराम प्रभांशु पांडे, शशिकांत सिंह, उर्मिला यादव, आर पी यादव, अनुराग यादव रविशंकर सोनकर, ब्यास कुमार मौर्य आई एस बी, सुनील सिंह ग्रा विअधि, श्रीनाथ प्रजापति बड़े बाबू, मंदीप कुमार साहू, मुन्नालाल, शिव बहादुर आपरेटर मनरेगा आदि लोग मौजूद रहे।

### कुएं में उतराये मिले वृद्ध के शव का नम आंखों से परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कुएं में उतराए मिले वृद्ध के शव का बुधवार को परिवार के लोगों ने नम आंखों से अंतिम संस्कार कर दिया। पीएम रिपोर्ट के आधार पर वृद्ध की पानी में डूबने से मौत हुई है। लालगंज कोतवाली के राजा का पुरवा जमालपुर निवासी सुन्दर लाल गौतम (65) चैबीस जनवरी को बहन के घर और इसके बाद कानपुर जाने की बात कहकर घर से निकला था। बीती मंगलवार दोपहर चुर्री चैराहा अलीपुर स्थित एक कुएं में उसका शव उतराया मिला था। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि परिवार के लोगों में किसी के खिलाफ कोई तहरीर नही दी है। लोग वृद्ध की इत्तेफाकिया मौत बता रहे हैं। शव का अंतिम संस्कार परिवार के लोगों ने कर दिया है।

## अमूल खोलेगा दुग्ध डेयरी की शाखा, बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के नंदईपुर गांव में अमूल दूध डेयरी की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें दुग्ध उत्पादन करने वाले किसानों को उनका उचित मूल्य देने के लिए डेयरी शाखा खोलने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए किसानों के हितों की बात की गई। पट्टी तहसील क्षेत्र के बाबा बेलखरनाथ धाम ब्लॉक के नंदईपुर गांव में अमूल दूध के जिला इंचार्ज शिव प्रकाश पाठक ने मौजूद दुग्ध उत्पादक पशुपालकों के बीच में बैठक करते हुए बताया कि अमूल दूध डेयरी सहकारिता के क्षेत्र में काम कर रहा है यह एशिया का सबसे बड़ी कंपनी है और किसानों को सही मूल्य देकर दूध खरीदती है, उन्होंने बताया कि डेयरी खोलने वाले किसान अगर पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करें तो उन्हें फायदा मिलेगा। कार्यक्रम के सुपरवाइजर योगेश तिवारी ने बताया कि अमूल दूध के बारे में हर कोई जानता है। उन्होंने बताया कि दूध संग्रह केंद्र का निर्माण किया जा रहा है और सभी दुग्ध उत्पादन करने वाले किसानों को उनका उचित मूल्य दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरकेश यादव, बृजेश, भारत, जितेंद्र, लाखन सिंह ,अवधेश सिंह, दिनेश सिंह, संगीता वर्मा, उर्मिला देवी, रानी, अनारकली, सरिता देवी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सुपरवाइजर योगेश तिवारी ने सभी को धन्यवाद दिया।

### जानलेवा धमकी व गालीगलौज को लेकर दो पर दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जानलेवा धमकी व गालीगलौज की घटना को लेकर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थानान्तर्गत छोटी कटेहटी गांव निवासी सूर्यभान वर्मा पुत्र नाथूराम वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि मंगलवार को पुरानी रंजिश को लेकर भैंसना निवासी सलमान व अशरफ उसके दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। गांव के लोगों के बीचबचाव करने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। जांच के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# साले ससुर पत्नी और साढ़ू से विवाद के बाद युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के जिला अस्पताल के पीछे झोपड़ी में एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ शव मिला है। इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।महिला का पति से झगड़ा करने के बाद युवक के साले ससुर साढ़ू के आने की चर्चा लोगों के बीच है। युवक की मौत के बाद उसके साले ससुर साढ़ू मौके से आधी रात को वापस चले गए हैं यह बात लोगों को हजम नहीं हो रही है उनके जाने के बाद आत्महत्या की चर्चा पत्नी ने बनाई है मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा के रहने वाले दलित दक्खनी प्रसाद उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र स्व



सूरज बलि मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। शादी के बाद से ही वह अपना ओसा का घर छोड़कर अपनी ससुराल मंझनपुर में रहने लगा था। उसने अपने गांव की जमीन 8 लाख रुपए में बेची थी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसे आवास की लाखो की रकम भी मिली थी लेकिन आवास का निर्माण नहीं हो सका इन्हीं बातों को लेकर आए दिन विवाद होता था तीन दिन

**युवक ने कुछ दिनों पहले 8 लाख रुपए में बेची थी अपनी पैतृक संपत्ति जिससे होता था विवाद**



पहले मामूली बात को लेकर पति पत्नी व ससुरालियों से जोरदार झगड़ा हुआ था। जिसके बाद दंपति जिला अस्पताल के पीछे बने झोपड़ी में रहने लगे थे। जहां पर मंगलवार की रात 10 बजे पत्नी से फिर विवाद हुआ था। विवाद की सूचना महिला ने अपने मायके में दी जिस पर महिला के पिता तीन भाई और महिला के जीजा मौके पर पहुंचे उसके बाद फिर विवाद हुआ महिला का कहना है कि इसके बाद पत्नी को बाहर भगाकर पति ने दरवाजा अंदर से बन्द कर लिया था। पत्नी लालती देवी ने बताया कि सुबह तीन बजे दरवाजा खोलकर देखा तो उसके पति की लाश फांसी के फंदे से लटक रही थी। महिला के बयान में तमाम झोल है मृतक युवक की मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके बेटे की लाठी से गला दबाकर हत्या की गई है और घटनास्थल से सभी लोग फरार हो गए हैं मृतक युवक की पत्नी का कहना है कि उसने तत्काल अपनी बहन के जरिए ससुराल में जानकारी दी इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पिता पुत्र सहित तीन लोगों को चार-चार वर्ष का कठोर कारावास

**11 वर्ष बाद मुकदमे में आया फैसला**

**कौशाम्बी।** करारी थाने में 11 वर्षों पूर्व पॉक्सो एक्ट का दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 97 सन 2013 के मुकदमे की सुनवाई करते हुए अदालत ने पिता पुत्र सहित तीन लोगों को पॉक्सो एक्ट में दोषी पाया है और पिता पुत्र सहित तीन लोगों को चार-चार वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है साथ ही साथ दोषी पर दस दस हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया है सरकारी वकील ने भी आरोपियों को कठोर से कठोर दंड देने की अदालत से गुजारिश की है पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तीनो आरोपियों को सजा दिलाने में प्रभावी पैरवी की है अदालत ने मुकदमे की सुनवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट के 03 अभियुक्तों राम जी कुशवाहा पुत्र रामधन कुशवाहा वा राजू पुत्र रामचन्द्र पण्डा वा रामचन्द्र पण्डा पुत्र रामसुख निवासी भीटी देह माफी थाना चरवा को 04-04 वर्ष के कठोर करावास की सजा सुनाई है एवं 10-10 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया।

## सिराथू ब्लॉक के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी खोले जाएं गेहूं क्रय केंद्र : अजय सोनी

**मानपुर गौरा और उदहिन खुर्द में गेहूं क्रय केंद्र खोले जाने हेतु जिला खाद्य विपणन अधिकारी को सकिपा ने सौंपा मांगपत्र**



**कौशाम्बी** सिराथू ब्लॉक के सीमावर्ती गांवों मानपुर गौरा और उदहिन खुर्द में गेहूं क्रय केंद्र खोले जाने को लेकर समर्थ किसान पार्टी के द्वारा 06 फरवरी को जिला खाद्य विपणन अधिकारी को एक मांगपत्र सौंपा गया। सौंपे गए मांगपत्र के माध्यम से उक्त दोनो जगहों पर गेहूं क्रय केंद्र खोले जाने की मांग की गई। मंगलवार 6 फरवरी को समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुधांशु शेखर चौबे को पार्टी नेता अजय सोनी ने एक मांगपत्र सौपा। सौंपे गए मांगपत्र के माध्यम से सिराथू ब्लॉक के सीमावर्ती क्षेत्रों जैसे मानपुर गौरा, उदहिन खुर्द में गेहूं क्रय केंद्र खोले जाने की मांग की गई। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि सिराथू ब्लॉक का सीमावर्ती क्षेत्र अतिपिछड़ा क्षेत्र है। यहां सरकारी व्यवस्थाओं का अभाव रहता है। अगर मानपुर गौरा और उदहिन खुर्व में गेहूं क्रय केंद्र खुल जाए तो इससे क्षेत्रीय किसानो को काफी फायदा होगा। साथ ही सरकार की किसानो की आय दुगुनी करने की मंशा भी फलीभूत होगी। अजय सोनी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी से मांग किया है कि ग्राम उदहिन खुर्द और मानपुर गौरा में क्रय केंद्र खोला जाए। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा, शैलेंद्र मिश्र, मानबाबू सोनकर, पुष्पराज सोनकर आदि मौजूद रहे।

# सिपाही को कुचलने वाली बोलेरो कार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**5 लाख कीमत की भेड़,बकरिया बरामद आरोपी की गिरफ्तारी पर घोषित था 25000 का इनाम**



**कौशाम्बी।** जिले में सिपाही को कुचलकर मौत के घाट उतारने वाली बोलेरो कार को पुलिस ने बरामद कर लिया है,पुलिस ने बोलेरो कार के साथ एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है,पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा,कारतूस और लगभग 5 लाख कीमत की भेड़,बकरिया भी बरामद किया है।

29.01.2024 की सुबह भोर में थाना सराय अकिल अन्तर्गत ग्राम बजहाँ से बकरा चोरी की सूचना पर पुलिस पटेल चौराहे पर बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान तेज रफ्तार से आती हुई एक बोलेरो कार ने चेकिंग कर रहे सिपाही अवनीश दुबे को टक्कर मार दी, जिससे सिपाही गम्भीर रुप से घायल हो गया था जिसको तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां ईलाज के दौरान उक्त आरक्षी की मृत्यु हो गयी थी। सिपाही की मृत्यु के बाद थाना सराय अकिल पर मु0अ0सं0 31/24 धारा 379 भादवि बकरा चोरी से सम्बन्धित व 32/24 धारा 279/337/338/304 भादवि पंजीकृत किया गया था। 05.02.2024 को 01 अभियुक्त गैंग लीडर राजेश केशरवानी को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एसपी द्वारा निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में बुधवार को थाना सराय अकिल प्रभारी निरीक्षक व एसओजी प्रभारी की संयुक्त टीम ने मुकदमा सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जिन्नत उर्फ जन्नत पुत्र कल्लू नि० हरदीकला थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट को मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम नन्दा का पुरवा के समीप यमुना नदी के किनारे से 01 अदद तमंचा 315 बोर तथा 02 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त की निशादेही पर 01 अदद बोलेरो कार (UP70 G0727) सफेद रंग की, 20 अदद भेड़ व 14 अदद बकरा/बकरी (बाजार में अनुमानित कीमत 04 लाख 60 हजार रू0 ) बरामद की है। पुलिस ने लिखापढ़ी की कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया जहा से उसे जेल भेज दिया गया।



## एसपी और एएसपी ने मयफोर्स पैदल गस्त कर किया क्षेत्र का जायजा लिया

**व्यापारियों से सड़क पर अवैध अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की गई**

**कौशाम्बी।** जनपद में कानून, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी एवं अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस बल के साथ थाना मंझनपुर क्षेत्रांतर्गत कस्बा, बाजार व अन्य भीड़ भाड़ वाली जगहों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग भी गई तथा व्यापारियों से सड़क पर अवैध अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की गई। आमजनमानस एवं व्यापारियों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मंझनपुर, क्षेत्राधिकारी चायल एवं क्षेत्राधिकारी सिराथू भी मौजूद रहे।

### विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को महिला पुलिस ने किया जागरूक

**कौशाम्बी** सुरक्षा स्वावलंबन की दिशा में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को उनके अधिकारों के संबंध में बताया गया तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

सुरक्षा स्वावलंबन की दिशा में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना करारी पुलिस टीम द्वारा उखैया खास इंटर कॉलेज के छात्र/छात्राओं को उनके अधिकारों के संबंध में बताया गया तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

### जनपद के समस्त थाना में जनसुनवाई का आयोजन

**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर सम्बन्धित प्रभारी द्वारा थाने पहुंचे फरियादियों की समस्याओं के संबंध में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान थाना आने वाले फरियादियों की समस्याओं को प्रभारी द्वारा सुना गया तथा समस्या के निस्तारण हेतु थाना प्रभारी द्वारा फरियादियों को भरोसा दिलाया गया।

## भरवारी में हर प्रमुख चौराहे पर दिखाई पड़ते हैं आवारा पशु सांड



**भरवारी कौशाम्बी** जिले के नगर पालिका परिषद भरवारी में शासन के सख्त आदेश का पालन करने में प्रशासन लापरवाही करने से बाज नहीं आ रहा है,शासन के सख्त आदेश के बावजूद नगर पालिका परिषद भरवारी में हर प्रमुख चौराहे पर आवारा पशु (सांड) दिखाई पड़ते है लेकिन प्रशासन इन्हे गौशालाओं में संरक्षित नही कर रहा है। जिसके चलते नगर पालिका के हर चौराहे पर सांडो की लड़ाई और आतंक बना हुआ है, चौराहों पर सांडो की लड़ाई के दौरान लोग गिर जाते है, वही कई बार बाइक भी टूट जाती है,सांडो की लड़ाई के दौरान राहगीर और दुकानदार दहशत में रहते है।लेकिन नगर पालिका प्रशासन गैर जिम्मेदार बना हुआ है।जबकि शासन का सख्त आदेश है कि खुले में एक भी आवारा पशु घूमता हुआ न दिखाई पड़े,लेकिन नगर पालिका प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

**ढाबा संचालकों के मनमानी के आगे यातायात व्यवस्था सुचारु करने में असफल साबित हो रहे हैं यातायात प्रभारी और स्थानीय थानेदार**

# सड़कों पर वाहन खड़ा कर ढाबा में खाना खाते हैं चालक

अखंड भारत संदेश



**कोखराज कौशाम्बी।** राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे ढाबा संचालकों की मनमानी बढ़ती जा रही है ढाबा संचालन करने वाले संचालकों की तानाशाही गुण्डई के चलते ढाबे में खड़े होने वाले ट्रक चालक सड़कों और पटरी पर वाहन को खड़ा करके ढाबा में खाना खाने चले जाते हैं उसके बाद चालक ढाबे में आराम करने लगते हैं कई कई घंटे ढाबे के बाहर सड़क और पटरी पर चालक वाहन खड़ा कर देते हैं जिससे दुर्घटनाएं होती हैं राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन होने वाले दुर्घटनाएं इसका एक प्रमुख कारण है ढाबा संचालकों के पास पार्किंग व्यवस्था नहीं है फिर भी राष्ट्रीय राजमार्ग ढाबा का संचालन किया जा रहा है ढाबा संचालकों की दबंगई के आगे उनके ढाबों के आगे सड़क पर खड़े वाहनों पर कौन रोक लगाएगा यातायात व्यवस्था सुधार करने का जिम्मा लिए यातायात प्रभारी भी ढाबा संचालकों की दबंगई के आगे मजबूर दिखाई पड़ रहे हैं या यह कह लिया जाए की यातायात प्रभारी भी ढाबा संचालकों से प्रत्येक महीने कुछ रुपए की वसूली करके अपनी जुबान बंद कर लिए हैं यही स्थिति स्थानीय थाना पुलिस की भी है ढाबो से पुलिसकर्मियों को फ्री का भोजन मिल जाने के चलते ढाबा संचालकों के तमाम गुनाह थाना पुलिस माफ कर देती है बताया जाता है कि ढाबा संचालकों से एक बंधी हुई रकम प्रत्येक महीने स्थानीय थानेदार को भी पहुंच रही है जिससे थानेदार ढाबा संचालकों के गुनाह पर कार्यवाही करने के बजाय उनके गुनाहों पर पर्दा डालते देखे जाते हैं ढाबों के बाहर सड़कों पर वाहन खड़ा करने का यह मामला बेहद गंभीर है और आला अधिकारियों को इस पर संज्ञान लेकर बढ़ती दुर्घटनाओं पर रोक लगाने का प्रयास करना होगा कोखराज थाना क्षेत्र के बाबा ढाबा ,महाराजा ढाबा पंडा ढाबा, के आसपास पूरे दिन पूरी रात सड़क पर वाहन खड़े देखे जा सकते हैं यही स्थिति मूरतगंज रोड़ नेवादा के सामने दारू का ठेका की है यहाँ भी रोड पर ट्रकों को खड़ा कर-के चालक दरू पीने ठेके पर चले जाते हैं अब सवाल उठता है कि सड़क पर वहां खड़ा करके दारू पीना किस कानून और नियम में आता है लेकिन इस बात को ना तो थाना पुलिस मानती है ना यातायात पुलिस मानने को तैयार है यही स्थिति सैनी कोतवाली क्षेत्र के ढाबों की और यही स्थिति संदीपन घाट थाना क्षेत्र के ढाबों की है चरवा थाना क्षेत्र के पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ने वाले ढाबों की भी यही स्थिति है ढाबा संचालकों की तानाशाही का आलम यहीं खत्म नहीं होता है महेवा घाट थाना क्षेत्र पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में सड़क के किनारे खुले ढाबो में खाना खाने जाने वाले वाहन चालक सड़क और पटरी पर वाहन खड़ा करते हैं इस क्षेत्र के भी ढाबा संचालकों पर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है लेकिन अभी तक यातायात पुलिस थाना पुलिस ने ढाबा संचालकों के मनमानी पर कार्यवाही करते हुए मुख्य सड़क पर खड़े वाहनों को रोकने की पहल नहीं की है राष्ट्रीय राजमार्ग सहित विभिन्न सड़कों और पटरी पर ट्रक खड़ी कर-के चालक ढाबा में खाना खाने चले जाते हैं जिससे सड़कों पर अव्यवस्था फैल जाती है और दुर्घटना का कारण बनता है बिना पार्किंग व्यवस्था के खुले ढाबा संचालकों के ढाबा को बंद कराए जाने की जरूरत है उनके लाइसेंस को रद्द कर इस तरह के ढाबे बंद कर दिए जाए जिनके वाहन चालक पटरी और सड़क पर पार्किंग करते हैं जिससे दुर्घटनाएं रुक सके।

## न्यूज झरोखा

### मूरतगंज ब्लॉक में एडीओ पंचायत ने की पंचायत सहायकों की मीटिंग

**नोटिस देने और वेतन रोकने से पंचायत सचिव व सहायक पंचायत में हड़कंप**



**हर्रायपुर कौशाम्बी** मूरतगंज ब्लॉक में सहायक विकास अधिकारी नवनीत सिंह ने पंचायत सहायकों की मीटिंग में विकास योजना में पारदर्शिता लाने का निर्देश दिया है सहायक विकास अधिकारी ने बताया कि इसके पूर्व मीटिंग में अनुपस्थित होने वाले बीस सहायक पंचायत को स्पष्टीकरण नोटिस भेजा है व बताया कि तीन सफाई कर्मियों का एक दिन का वेतन रोका गया और 18 सहायक पंचायत को दिसंबर माह का मानदेय रोका गया इससे ब्लॉक के सभी कर्मचारियों में अफरा तफरी मची हुई है।

### नवीन गल्ला मंडी ओसा का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण



**कौशाम्बी** लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में डीएम एसपी ने कृषि उत्पादन मंडी समिति की गल्ला मंडी ओसा का बुधवार को निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान चुनाव से संबंधित मतगणना और ईवीएम मशीन रखे जाने के स्थान की उन्होंने जांच पड़ताल की जिलाधिकारी कौशाम्बी एवं पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत नवीन गल्ला मंडी ओसा,मंझनपुर का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे।

### नायब तहसीलदार सौरभ सिंह ने विवादित भूमि का मौके पर किया निरीक्षण



**हर्रायपुर कौशाम्बी** भरवारी नगरपालिका परिषद अंतर्गत मूरतगंज जिल्लापर दिनेश केशरवानी की भूमिधरी जमीन को पड़ोस के सुभाष अपनी जमीन बताकर आए दिन गाली गलौज व कफन के कपड़े बांधकर बॉस के सहारे कब्जा कर लिया है मामले की शिकायत मिलने के बाद नायब तहसील दार सौरभ सिंह व कानून गो सुरेंद्र लेखपाल ज्ञानपाल मौके पर पहुँचे और विवादित भूमि का निरीक्षण किया और दिशा निर्देश जारी किया है।

### भूखी महिला को पुलिस ने कराया भोजन



**कौशाम्बी।** कभी-कभी पुलिस का मानवीय चेहरा इस कदर सामने आता है कि लोग पुलिस के कार्यों की सराहना करने से नहीं चूकते हैं बुधवार को सैनी चौराहे पर एक महिला भूख से तड़प रही थी थाने के सिपाही को इस बात की जानकारी हुई तो भूखी महिला के पास सिपाही पहुंचा और उसके दुख दर्द की जानकारी ली महिला ने बताया कि उसे भोजन नहीं मिला है जिस पर थाना सैनी के आरक्षी द्वारा सैनी चौराहा पर ड्यूटी के दौरान एक भूखी महिला को खाना खिलाया गया सिपाही का यह नेक कार्य पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा।

### जन शिक्षण संस्थान द्वारा पीएम विश्वकर्मा प्रशिक्षण कार्यक्रम तृतीय दिन सम्पन्न



**कौशाम्बी** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी द्वारा 07 फरवरी को पी एम विश्वकर्मा प्रशिक्षण कार्यक्रम तृतीय दिन भी संपन्न किया गया इस कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने पी एम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत चर्चा किया तथा विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया उक्त कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह ने पी एम विश्वकर्मा से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा किया तथा प्रशिक्षिका श्रीमती रेखा देवी सुनीता देवी ने पी एम विश्वकर्मा योजना से संबंधित विभिन्न तरीके से कपड़े को काटना सिलाई तथा इलेक्ट्रॉनिक मशीन द्वारा विभिन्न प्रकार की कटिंग पिको करना तुरपाई करना डिजाइन बनाना ब्लाउज काटना सूट काटना तथा कई प्रकार की कटिंग करना सिलाई मशीन का रखरखाव करना समस्त मशीन के पुर्जे के बारे में विस्तृत प्रशिक्षिका ने सभी प्रशिक्षार्थियों को बताया तथा इस कार्यक्रम में 37 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

### छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में दी जानकारी



**सैय्यद सरावा कौशाम्बी** चरवा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी प्रभारी सैय्यद सरावां द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, जानकीपुर चायल में छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में कानून की जानकारी देते हुए उन्हें आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा जागरूक किया गया। पुलिस ने छात्राओं से कहा कि किसी प्रकार की स्थिति आने पर वह पुलिस के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सूचना दे सकते है।

### महामाया राजकीय महाविद्यालय में छात्र छात्राओं को साइबर अपराध से किया जागरूक



**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में साइबर थाना जनपद कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा ओसा चौराहा स्थित महामाया राजकीय महाविद्यालय में छात्र छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। पुलिस टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के कानून से संबंधित जानकारी दी और उन्हें हर तरह की मदद का भरोसा दिलाया।

### वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

कौशांबी।फरार चल रहे अभियुक्त को थाना कौशाम्बी पुलिस उ0नि0 प्रदीप कुमार पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 173/14 धारा 353/354/504/506 भादवि से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त शैल कुमार अग्रहरि पुत्र रामजस नि० बारा थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद विधिक कार्यवाही के

## संपादक की कलम से

# लोकतंत्र के साथ सच्चा न्याय

30 जनवरी को हुए चंडीगढ़ मेयर चुनाव में पीठासीन अधिकारी की धांधली के कारण भाजपा को जीत मिली है, यह आरोप आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों ने लगाए। मामला पहले पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट पहुंचा और वहां से राहत नहीं मिली तो फिर शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया गया। सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड ने कहा, 'यह लोकतंत्र का मजाक है। जो हुआ, हम उससे हैरान हैं। हम लोकतंत्र की इस तरह से हत्या नहीं होने दे सकते।' देश के मुख्य न्यायाधीश जिस बात पर हैरान थे, यानी लोकतंत्र का मजाक बनाने पर, लोकतंत्र की हत्या करने पर, उस पर विपक्ष समेत देश का एक बड़ा तबका बहुत लंबे वक्त से हैरान ही नहीं, परेशान भी है। लेकिन सोमवार को यह देखकर राहत मिली कि अब सुप्रीम कोर्ट को भी इस पर दुखद हैरानी हुई है। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार की ओर से दाखिल की गई इस याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पदीर्वाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की बेंच कर रही थी। अपनी सख्त टिप्पणी में मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ ने कहा कि-'पीठासीन अधिकारी मतपत्र में बदलाव करते दिखे हैं। क्या ये एक रिटर्निंग ऑफिसर का बर्ताव होना चाहिए? वो कैमरे की ओर देखते हैं और मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ करते हैं। जिस मतपत्र के नीचे क्रॉस का निशान बना हुआ है, उसे ये ट्रे में रख देते हैं। जिस मतपत्र के ऊपर क्रॉस नहीं बना हुआ है, उसे ये बिगाड़ देते हैं और फिर कैमरे की ओर देखते हैं। इनसे बताइए कि सुप्रीम कोर्ट इन्हें देख रहा है। हम लोकतंत्र की ऐसे हत्या नहीं होने देंगे। देश में स्थिरता लाने की सबसे अहम शक्ति चुनाव प्रक्रिया की शुचिता है।' शीर्ष अदालत से आई इस टिप्पणी को शायद निर्वाचन आयोग से लेकर केंद्र सरकार के तमाम दफ्तरों में चस्पां करने की जरूरत है। चंडीगढ़ के मेयर पद के चुनाव को लेकर हार का डर शायद भाजपा को पहले से था, इसलिए पहले पीठासीन अधिकारी के बीमार होने को वजह बताकर चुनाव की तारीखें बढ़वाई गईं और जब 30 जनवरी को चुनाव हुए तो संयोग से पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा की गई तथाकथित छेड़छाड़ कैमरे में कैद हो गई। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने जिसे लोकतंत्र की हत्या कहा है, वह दरअसल लोकतंत्र की सुपारी देने जैसा गंभीर अपराध है, क्योंकि यहां हत्या गैरइरादतन नहीं, बल्कि रणनीति के तहत करवाई गई है। अनिल मसीह को अदालत से फटकार लग चुकी है, हो सकता है उन पर मुकदमा चले और दिखाने को कार्रवाई भी हो। लेकिन उसके बाद क्या लोकतंत्र को खत्म करने का खेल रुक जाएगा। क्या अनिल मसीह को इसका अकेले जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, या फिर अदालत की नजर में वे लोग भी आएंगे, जिनके कहने पर अनिल मसीह जैसे अधिकारी कठपुतलियों की मानिंद काम करते हैं। अभी तो एक अदने से चुनाव के लिए इतना दुस्साहस दिखाया गया है, लेकिन जहां लोकसभा में बाकायदा आंकड़ों के साथ ऐलान हो रहा है कि हम 400 सीटें जीतेंगे और तीसरी बार सत्ता में आएंगे, वहां और कितने खेल होंगे, क्या इस बारे में भी शीर्ष अदालत को विचार नहीं करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के ही कुछ वकीलों ने बाकायदा ईवीएम के खिलाफ मोर्चा खोलकर बताया है कि किस तरह ईवीएम हैक करके वोटों में गड़बड़ी हो सकती है। लेकिन निर्वाचन आयोग ने अंतिम सत्य की तरह ऐलान कर दिया है कि ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं हो सकती। अगर निष्पक्ष चुनाव पर जनता के एक तबके को संदेह है, तो क्या उस संदेह को दूर करने के लिए खुद निर्वाचन आयोग को पहल नहीं करना चाहिए या फिर गुलाम भारत की तरह जनता की बात तभी सुनी जाएगी, जब कोई आंदोलन खड़ा हो। क्या सुप्रीम कोर्ट ईवीएम पर कोई स्वतः संज्ञान लेकर देख पाएगा कि इसमें भी लोकतंत्र को कुचला जा रहा है या नहीं। चंडीगढ़ चुनाव में धांधली के आरोप तो आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों ने शुरू से लगाए हैं, लेकिन शीर्ष अदालत ने यह तभी देखा, जब वहां याचिका दाखिल हुई। अगर याचिकाकर्ता हिम्मत हार जाते, तब क्या हत्या किसी को नजर नहीं आती। यह केवल एक मामला ही नहीं है, जहां लोकतंत्र की प्रक्रिया को कुचला गया हो। सोमवार को ही झारखंड में चम्पाई सोरेन की सरकार ने विश्वासमत हासिल कर अपनी सरकार बचा ली, वर्ना झारखंड का हश्र भी बिहार की तरह हो सकता था। लेकिन इस बचाव के लिए कितने यत्न करने पड़े, क्या यह शीर्ष अदालत को नहीं दिखा। विधायकों की खरीद-फरोख्त अब आम बात हो गई है, इसलिए विधायकों को बचाने के लिए रिजार्ट पॉलिटिक्स का नया चलन देश में निकला है। अभी बिहार में बहुमत परीक्षण से पहले कांग्रेस अपने विधायकों को सुरक्षित रखने के लिए बाहर ले जा चुकी है। कहीं भी चुनाव होते हैं और बहुमत के आंकड़े में जरा सी ऊंच-नीच की आशंका होती है, तो फौरन विधायकों की बाड़ेबंदी शुरू हो जाती है।

## रिवाज

लेखिका सुरेखा मेहरा

जल्दी तैयार हो जा बेटी देखने वाले आते ही होंगे स्नेहा की माँ बार बार स्नेहा को ताकीद कर रही थी पर स्नेहा तो बस अपने मन के हिसाब से ही बस ऐसे ही ठीक हूँ की जिद पकड़कर बैठी थी ।माँ ने भी कोई और चारा चलता ना देख अपनी मूक स्वीकृति दे दी थी। थोड़ी ही देर में सागर भी आ गया अपने परिवार के साथ तो औपचारिक बातचीत के बाद घरवालों ने दोनों को अकेला छोड़ दिया बात करने के लिए । स्नेहा पूछे भी तो क्या पूछे ?और कहे भी तो क्या कहे ? कि तभी गहरी चुप्पी को तोड़ता हुआ सागर बोल पड़ा स्नेहा जी प्रेम और शादी विश्वास की नींव पर टिके होते हैं एक बार जो यह ध्वस्त हुआ तो दोनों की इमारत भरभरा कर गिर जाती है । स्नेहा समझ नहीं पा रही थी कि सागर क्या कहना चाहता है ? कि सागर ने फिर कहना शुरू किया श्रुति यही नाम था उसका ।पहले स्कूल ,फिर कॉलेज यहाँ तक कि नौकरी भी इकट्ठी की हम दोनों ने और कब हम एक दूसरे की जरूरत बन गए हमें खुद भी नहीं पता चला अंतजार्तीय विवाह मेरे और उसके परिवार वालों को मंजूर नहीं था इसलिए हमने उनको मनाने की कोशिशें असफल होती देख कोर्ट मैरिज कर ली उनको बिना बताये पर नियति को शायद कुछ और ही स्वीकार था तो वो ट्यूमर की वजह से एक साल बाद ही चल बसी । मुझे अपनी यादों के सहारे छोड़ गयी जाते -जाते इस वचन के साथ कि मैं उसे भूलकर दोबारा शादी कर लूँगा ।आज उसे गए हुए पाँच साल हो गए हैं पर ना उसे भूल पाया हूँ और ना उसकी यादों को । मुझे आप पसंद हो अगला निर्णय आप पर छोड़ता हूँ जो भी होगा मुझे स्वीकार होगा ।स्नेहा अपलक सागर को निहारती रह गयी थी । सागर की माँ ने पूछा लड़की कैसी लगी? जबकि बेटे के दिल का हाल वो बखूबी जानती थी कि तभी स्नेहा की माँ ने बताया कि स्नेहा ने शादी के लिए हाँ कर दी है । सागर मन ही मन खुश था अपने दिल का बोझ हल्का करके और इस बात से कि उसे एक सुलझी हुई जीवन संगिनी मिल रही है । 2 महीने बाद दोनों की शादी हो गयी। इस बीच ना स्नेहा ने सागर के अतीत का कहीं जिक्र किया और ना ही सागर कर पाया । हँसी खुशी भरे माहौल के बीच दोनों की शादी सम्पन्न हुई । दोनों पक्षों के लोगों ने वर-वधू को ढेरों आशीष दिए । स्नेहा भी हँसी खुशी विदा होकर अपनी ससुराल आ गयी । रात को उसकी जेठानी ने कमरा बहुत अच्छी तरह सजाया और फिर एक नया तौलिया स्नेहा को देते हुए बोली । ताउम्र सम्भालकर रखना इसे काम आएगा बहुत । स्नेहा को कुछ समझ नहीं आया तो जेठानी ने उसकी मनः स्थिति को पढ़ते हुए कहा कि ये तौलिया ही उसकी पवित्रता का सबूत होगा ।ये भी एक रिवाज है । तभी स्नेहा की सास आकर बोली अपनी बड़ी बहू से कि स्नेहा को सारी बातें समझा दी हैं ना बहू । सागर जो अब तक कमरे में आ गया था को खुश रहने का आशीष देकर दोनों चली गयी । पर स्नेहा के मन में उधेड़बुन चल रही थी कि बहू की पवित्रता को साबित करने के तो कई रिवाज बनाये लोगों ने । सारे रिवाज बेटियों के लिए ही क्यों ? क्या कभी कोई अपने बेटों की पवित्रता साबित करने को भी रिवाज बना पाएगा ? क्या बेटों के लिए भी कोई रिवाज होगा?

# मोदी के आत्मविश्वास से भरा आमचुनाव का गणित

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के समय विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मविश्वास एवं कर्मठता से भरकर कहा कि मैं ऐसे आँकड़ों में नहीं पड़ता लेकिन मैं देख रहा हूं कि देश का मिजाज भारतीय जनता पार्टी को 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से ज्यादा सीटें पार करवाकर रहेगा। भाजपा इस बार चुनावों में 400 पार का नारा दे रही है। 2019 चुनावों में भाजपा ने 303 सीटें जीती थीं। निश्चित ही इतने बड़े आंकडे की घोषणा करने के पीछे नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक सोच, विकास की राजनीति एवं राष्ट्र-विकास का संकल्प है, वहीं विपक्ष एवं कांग्रेस की नकारात्मक सोच, विरोध के लिए विरोध और विभाजनकारी रवैया उसके लगातार कमजोर होने के कारण हैं। प्रधानमंत्री ने सीटों का जो आकलन किया है, वह सिर्फ इस बात का संकेत है कि भाजपा अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उन्होंने उन अटकलों पर भी विराम लगा दिया, जिनमें कहा जा रहा है कि इंडिया गठबंधन के रूप एकजुट हुआ विपक्ष उनको चुनौती देगा, क्योंकि विपक्षी एकजुटता बिखर चुकी है। मोदी ने संसद के भीतर जब अपने चुनावी लक्ष्य की बात कही तो इसने भाजपा कार्यकताओं को ऊर्जा से भर दिया, वहीं विपक्ष के सामने आत्मचिन्तन का अवसर प्रदत्त किया। कांग्रेस को 10 साल के दौरान अच्छा विपक्ष बनने का मौका मिला लेकिन इसमें वह पूरी तरह विफल रही। स्वयं तो विफल रही ही, बल्कि विपक्ष में भी कुछ होनहार लोगों को उभरने नहीं दिया। कांग्रेस की नकारात्मक एवं संकीर्ण राष्ट्र-विरोधी राजनीति को देश की जनता महसूस करने लगी है। कांग्रेस किस तरह नकारात्मक राजनीति का शिकार



है यह लोकसभा में ही तब देखने को मिला जब सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चैधरी ने बालाकोट में की गई एयर स्ट्राइक पर सवाल खड़े किए। ध्यान रहे ऐसे ही सवाल पाकिस्तान खड़े करता रहा है। आखिर उन्हें पाकिस्तान के स्वरों में स्वर मिलाने एवं उसको रास आने वाला बयान देने की जरूरत क्यों पड़ गई? ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, वह बार-बार कभी पाकिस्तान तो कभी चीन की तरफदारी करती रही है। मोदी विरोध के नाम पर वह राष्ट्र-विरोध पर उतरती रही है।

प्रधानमंत्री मोदी के इस विश्वास एवं दृढ़ता की अनेक वजहें है। एक बड़ी वजह हाल ही में साल 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की शानदार जीत दर्ज करना भी है। विशेषकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का परिणाम तो कल्पना से भी बाहर था। दूसरी वजह, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा ने लोगों में एक नए जोश का संचार किया है। अंतरिम बजट में ही जिस तरह से आने वाले कुछ महीनों को लेकर नीतियों का एलान किया गया है, वह संकेत है कि भाजपा अपनी जीत को लेकर काफी आश्वस्त है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक एवं चमत्कारी जीत की संभावनाओं की और भी वजहें हैं, जिनमें प्रधानमंत्री के कार्यकाल की सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां हैं, जैसे चांद एवं सूर्य पर विजय पताका फहरा देने के बाद धरती को स्वर्ग बनाने की मुहीम चल रही है, राष्ट्रीय जीवन में विकास की नयी गाथाएं लिखते हुए भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर करना है। भारत अब विश्व-गुरु भी बनने की ओर गतिशील है। गत वर्ष 9 एवं 10 सितम्बर को जी-20 देशों का महासम्मेलन भारत में सफलतापूर्वक सम्पन्न होना भी भारत की विश्व स्तर पर मजबूत होने की स्थिति को दर्शा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ था भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता धीरे-धीरे सामने आने लगी है एवं उसके उद्देश्यों की परते खुलने लगी है। भाजपा इसलिए भी आशान्वित है, क्योंकि जिस विपक्षी एकता की बात 2023 के मध्य से चल रही थी, उसमें दरारे पड़ती ही जा रही है। तमाम विपक्षी पार्टियां अपने-अपने ढंग से चुनाव लड़ने को तैयार हैं और कांग्रेस से उनकी खींचतान चल रही है। फिर, जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती थीं, वहां पार्टी ने अपने अनवरत प्रयासों से खुद को मजबूत बना लिया है, फिर चाहे वह महाराष्ट्र हो या बिहार।

कांग्रेस एवं विपक्षी दलों के पास भाजपा एवं मोदी विरोध का कोई सशक्त धरातल एवं मुद्दें नहीं है। वैसे तो हर एक का जीवन अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरा रहता है। लेकिन कांग्रेस का हर दिन कई विरोधाभासों के बीच बीत रहा है। कांग्रेस की उल्टी गिनतियां चल रही हैं। उसकी उल्टी गिनती तो लम्बी चलेगी। पर जनता के दिमाग में एक बात गहरे तक बैठी हुई है कि मोदी के नेतृत्व में सब कुछ बदल जाएगा, भारत सशक्त हो जायेगा, सब कुछ अच्छा हो जाएगा एवं सब कुछ श्रेष्ठ हो जाएगा। इसके विपरीत कांग्रेस की जनता पर पकड़ ढ़िली पड़ती जा रही है, उसके बयानों में कोई बुनियादी मुद्दें नहीं होते, बार-बार बेरोजगारी की चर्चा सुनने को मिलती है, जबकि 2014 से पहले इंफ्रास्ट्रक्चर का बजट केवल 12 लाख करोड़ के आसपास था। बीते 10 सालों में बजट बढ़कर 44 लाख करोड़ हो गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश में कितनी नौकरियां पैदा हुई होंगी। आज युवाओं के लिए जितने नए अवसर बने हैं, ये पहले कभी नहीं बने। आज चारों तरफ स्टार्टअप्स की गूंज है, यूनिकॉर्न्स चर्चा में है। 2014 के पहले डिजिटल इकोनॉमी का साइज ना के बराबर था। आज भारत, दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी है। लाखों युवा इससे जुड़े हैं और उनके सपनों को पंख लगे हैं। इसी तरह महिलाओं को सम्मानजनक जिन्दगी देने एवं उनके विकास को अग्रसर करने में मोदी सरकार ने व्यापक प्रयत्न किये हैं। एक संकल्प लाखों संकल्पों का उजाला बांट सकता है यदि दृढ़-संकल्प लेने का साहसिक प्रयत्न कोई शुरू करे। निश्चित ही अंधेरों, अवरोधों एवं अक्षमताओं से संघर्ष करने की एक सार्थक मुहिम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 में शुरू हुई थी और उनका तीसरा कार्यकाल इन दृष्टियों से ऐतिहासिक होगा, यह आम जनता में पनप रहा विश्वास है।

मोदी ने अपने अब तक के कार्यकाल में जता दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति वाली सरकार अपने फैसलों से कैसे देश की दशा-दिशा बदल सकती है। कैसे राष्ट्र की सीमाओं को सुरक्षित रखते हुए पडौसी देशों को चेता सकती है, कैसे स्व-संस्कृति एवं मूल्यों को बल दिया जा सकता है। काशी हो या अयोध्या या ऐसे ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्रांति के परिदृश्य- ये अजूबे एवं चैंकाने वाले लगते हैं। अयोध्या से नरेन्द्र मोदी ने जो संदेश दिया है, उसे केवल चुनावी नफा-नुकसान के नजरिये से नहीं देखना चाहिए, बल्कि एक सशक्त होते राष्ट्र के नजरिये से देखा जाना चाहिए। उनका यह कहना खास मायने रखता है कि सदियों की गुलामी के चलते भारत को जिस हीनभावना से भर दिया गया था, आज का भारत उससे बाहर निकल रहा है। यह स्थिति आगामी लोकसभा चुनाव की जमीन बनेगी। स्पष्ट है, आम चुनाव में अब बहुत दिन शेष नहीं है, और दोनों मोर्चों की बिसात कमोबेश बिछ चुकी है। हालांकि, एक तरफ भाजपा जैसा सुगठित दल हैं, जिसके पास मोदी जैसा एक मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट नजरिया है। जबकि उसे चुनौती देने वाले मोर्चे में फिलहाल काफी उथल-पुथल है। ऐसे में, यदि विरोधी खेमा नहीं चेता, तो प्रधानमंत्री ने जिन आंकड़ों के साथ जीत का दावा किया, वह यदि सच हो जाए, तो आश्चर्य नहीं होगा।

प्रधानमंत्री पिछले 10 वर्षों के दौरान हासिल अपनी सरकार की उपलब्धियां न गिनाकर, विपक्ष और खासकर कांग्रेस पर तंज के तीर बरसाए, इसके पीछे उनका स्पष्ट राजनीति मकसद रहा है। प्रधानमंत्री मोदी यह बखूबी जानते हैं कि अपने प्रतिपक्षी को कभी कमतर नहीं आंकना चाहिए, फिर अगले लोकसभा चुनाव के महासंग्राम में जिस पार्टी से उनका सबसे अधिक सीटों पर आमना-सामना होना है, उसकी कमियों, उसके अंतर्विरोधों, उसकी नाकामयाबियों एवं नकारात्मक सोच को देश की जनता के सामने रखना अधिक प्रभावी एवं मनोवैज्ञानिक तरीका है, उस पर दबाव बनाने एवं उसे कमजोर साबित करने का। मोदी इसमें माहिर है एवं राजनीतिक परिक्वक्ता से भरे हैं। प्रेषकः

(ललित गर्ग)
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन,

# लोकतंत्र के साथ मजाक तो अर्से से हो रहा है, मी लॉर्ड!

डॉ. दीपक पाचपोर

वर्तमान चीफ जस्टिस को देश में लोकतंत्र व न्याय के दृष्टिकोण से आशा की अंतिम किरण के रूप में देखा जा रहा है। फिर भी कई बार ऐसे फैसले आते हैं, या फिर अपेक्षित निर्णय नहीं आते, कि उससे हैरत तो होती ही है, निराशा भी कम नहीं होती। न्यायपालिका से जनता की आशाओं का पूरा न होने से बढ़कर लोकतंत्र व कानून का दूसरा कोई बड़ा मजाक नहीं हो सकता; और वह अक्सर होता रहता है। हाल ही में चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में जिस प्रकार से पीठासीन अधिकारी ने कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी के 8 वोटों को साफ जान पड़ती दुर्भावना तथा षड़यंत्रपूर्वक रद्द करते हुए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को विजयी घोषित किया, उससे सियासी तूफान तो पहले से ही उठा हुआ था, सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि, 'यह लोकतंत्र के साथ मजाक है। लोकतंत्र की हत्या है।' दरअसल यह मामला आप के मेयर पद के उम्मीदवार रहे कुलदीप कुमार द्वारा उच्चतम न्यायालय ले जाया गया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पादीवाला एवं जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने सुनवाई के दौरान वकील अभिषेक मनु संघवी द्वारा पेश किया गया वह वीडियो देखा जिसमें पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह 8 बार अपना पेन इधर-उधर घुमाते दिखाई दे रहे हैं। इतने ही वोट अवैध बतलाकर निरस्त कर दिये गये जबकि चंडीगढ़ नगर निगम में कांग्रेस-आप के पास 20 एवं भाजपा के पास 16 वोट हैं। इतने वोट रद्द कराकर भाजपा उम्मीदवार को विजयी घोषित कराना सारी कहानी को साफ-साफ बयां करता है। इस वीडियो को देखकर नाराज न्यायाधीशों ने अनेक प्रकार की सख्त टिप्पणियां की हैं और कई तरह के निर्देश भी दिये हैं। पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट को न्याय करने में असफल करार देते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया का पूरा रिकार्ड सुरक्षित रूप से हाईकोर्ट के पास जमा कराया जाये। सुको ने नगर निगम की सभी अगली कार्रवाइयों पर रोक भी लगा दी है। शीर्ष कोर्ट ने सरकारी वकील को कहा है कि वे 'पीठासीन अधिकारी को बतलाएं



कि उन्हें न्यायालय देख रहा है।' अगली सुनवाई में उन्हें स्वयं सुप्रीम कोर्ट में उपस्थित रहने के निर्देश भी दिये गये हैं, जो कि 12 फरवरी को निर्धारित की गयी है। देखना तो यह है कि सर्वोच्च अदालत ने जितनी सख्त टिप्पणी की है, सजा भी उतनी ही सख्त होने जा रही है या फिर किसी न किसी आधार पर अपराध की गम्भीरता को कमतर मानते हुए चंडीगढ़ मेयर चुनाव के पीठासीन अधिकारी की सजा को भी नरम सी, हल्की-फुल्की, चेतावनी जैसा कुछ जारी कर दिया जायेगा अथवा फिर माफी ही दे दी जायेगी? सवाल तो यह है कि कोर्ट-कचहरी की एक मुकम्मल व्यवस्था के रहते हुए एक अधिकारी नियमों की ऐसी धज्जियां उड़ाने की हिम्मत कर कैसे सकता है? जाहिर है, जो जिम्मेदार पद पर बैठा है, वह कानूनी प्रावधानों को जानता ही होगा। आखिरकार नियमों से तो वह कतई अनभिज्ञ नहीं होगा। असली में वह चारों ओर देख रहा है कि सभी तरह के नियमों व कानूनों को तोड़ने वाली राजनीतिक शक्तियां विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, स्वायत्त संस्थाओं एवं संवैधानिक संस्थानों पर इस कदर हावी हैं कि इन सभी का काम केवल सत्ता एवं सत्तारुढ़ भाजपा की हां में हां मिलाना रह गया है। अब तो ऐसा कोई भी मंच नहीं रह गया है जहां लोकतंत्र का मजाक उड़ाने वाले तत्व धमाल न मचा रहे हों।

संसद में न केवल महिला पहलवानों के उत्पीड़न के आरोपी शान से बैठते हैं बल्कि सत्ताधारी दल के एक सदस्य अल्पसंख्यक विपक्षी सदस्य को संप्रदाय से जुड़ी भद्दी व असंसदीय गालियां देते हैं। उसी सदन में वे लोग भी मंत्री बनकर बैठे हुए हैं जिनका बेटा सरेआम अपने वाहन से आंदोलन कर रहे किसानों को कुचल देता है। एक राज्य में कद्दावर नेता के पुत्र अधिकारी को बीच सड़क पर बैट से भरपूर मारते हैं और कोई कार्रवाई तक नहीं होती। दंगों व सामूहिक बलात्कार के आरोपियों की सजा अच्छे चाल-चलन के आधार पर माफ कर दी जाती है तो वहीं बलात्कार-हत्या का आरोपी एक कथित संत हर दो-चार माह में पैरोल पर निकल आता है और अपने आश्रम में कुछ समय बिताकर जेल लौट जाता है।

पिछले कुछ दिनों से लोकतंत्र की हत्या और उसके साथ मखौल कुछ ज्यादा ही बढ़ चला है, इतना कि सारा देश ही उसका आनंद उठा रहा है। न्यायपालिका को तेजी से कार्यपालिका स्थानापन्न कर रही है और सजा दिलाने के लिये आरोपियों को न्यायाधीश के सम्मुख खड़ा करने के बजाये खुद ही बुलडोजर चला रही है। सुको को इस बात पर भी गुस्सा नहीं आता कि उसकी जगह विध्वंसक मशीनों ने ले रखी है। आरोपी के साथ पूरे परिवार को बेघर करने के पीछे कौन सा कानून व तर्क काम करता है और कार्यपालिका कब से न्यायपालिका की जिम्मेदारियां निभाने लग गया है, यह सभी जानते हैं। यह देखकर अब न्यायपालिका ने हैरत में पड़ना बन्द कर दिया है कि किसी का भी अवैध निर्माण किसी राज्य सरकार व प्रशासन को तभी क्यों दिखलाई पड़ता है जब उसे पता चलता है कि आरोपी अल्पसंख्यक है अथवा किसी गैर भाजपायी दल से उसका सम्बन्ध है। लोकतंत्र के साथ मजाक तो तब भी हुआ था जब हेट स्पीच करने वाले एक केन्द्रीय मंत्री व सांसद को यह कहकर बरी कर दिया गया था कि 'बयान मुस्कुराकर दिया गया है, लिहाजा वह अपराध की श्रेणी में नहीं आता।' उससे बड़ा मजाक तो तब भी होते हैं जब सत्ता दल से जुड़े लोगों के चुनावी भाषणों के खिलाफ की गयी शिकायतों को निर्वाचन आयोग तब तक नहीं सुनता जब तक कि चुनाव लगभग पूरे नहीं हो जाते, जबकि विपक्षी दलों के नेताओं के बयानों को शीघ्रता से संज्ञान में लिया जाता है। देश में लोकतंत्र की हत्याओं की वेरायटी और उसके साथ होने वाले मजाकों की रेंज असीम है। राज्यपालों का ही देखें तो उनके द्वारा विवेकाधिकार के मनमाने उपयोग के खिलाफ कई तरह की शिकायतें पहुंचती हैं परन्तु फैसले वे ही आते हैं जो भाजपा की सुविधा वाले होते हैं। न जाने कितने ही पत्रकार, लेखक, मानवाधिकार कार्यकर्ता, विपक्षी दलों के नेता जेलों में डाल दिये गये हैं, पर उनके फैसले तो दूर, उन्हें जमानत देने में में भी न्यायालय घबराती है। वह केवल तारीखें देती है। अब तो जनता को साफ संदेश जा चुका है कि खुद न्यायपालिका घबराई हुई सी प्रतीत होती है। जाहिर है कि कुछ समय पहले इसी घबराई हुई कोर्ट के चार जस्टिसों ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस कर बतलाया था कि खास तरह के मामले एक जस्टिस विशेष की अदालत में ही जाते हैं। उनमें से एक जस्टिस बाद में मुख्य न्यायाधीश बनते हैं, एक खास फैसला सुनाते हैं और रिटायर होने के बाद सीधे राज्यसभा में जा बैठते हैं। यह न्यायपालिका द्वारा खुद के साथ किया हुआ मजाक है कि अब विरोधी दलों के नेताओं के विरुद्ध प्रवर्तन निदेशालय के ज्यादातर मामले एक ही जस्टिस के सामने प्रस्तुत होते हैं जिनका सम्बन्ध गुजरात से है। वह महिला जस्टिस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्यमंत्री रहने के दौरान वहां जिम्मेदार पद पर थीं। इस मजाक की भी इन दिनों काफी चर्चा है।

बेशक, वर्तमान चीफ जस्टिस को देश में लोकतंत्र व न्याय के दृष्टिकोण से आशा की अंतिम किरण के रूप में देखा जा रहा है। फिर भी कई बार ऐसे फैसले आते हैं, या फिर अपेक्षित निर्णय नहीं आते, कि उससे हैरत तो होती ही है, निराशा भी कम नहीं होती। न्यायपालिका से जनता की आशाओं का पूरा न होने से बढ़कर लोकतंत्र व कानून का दूसरा कोई बड़ा मजाक नहीं हो सकता; और वह अक्सर होता रहता है। लोगों को उम्मीद है कि यदि लोकतांत्रिक प्रणाली के सभी अंग, संस्थाएं व संगठन लोकविरोधी हो जायें तो भी कम से कम न्यायपालिका नामक मशाल नागरिकों को अंधकार में रास्ता दिखाती मिलेगी।

# भूदान के बाद अब भू-मुक्ति

– रमाकांत नाथ

'भूदान आन्दोलन' प्रारम्भ हुआ और स्थानीय जमींदार रामचन्द्र रेड्डी इसके पहले दानी बने। खूनी तेलंगाना से शांति और समृद्धि का जो संदेश विनोबा ने दिया, उसे भारत की जनता ने स्वीकार कर लिया। परिणामस्वरूप, बाबा विनोबा ने भूदान के लिए पूरे देश में भूमि एकत्र की और उसे भूमिहीन, बेघरों में वितरित किया। इस तरह उन्होंने गरीबी, अभाव और दरिद्रता को दूर करने में एक मजबूत योगदान दिया।

स्वतंत्र भारत में हुए अनेक आंदोलनों में से विनोबा भावे के नेतृत्व वाला 'भूदान आंदोलन' सबसे महत्वपूर्ण आंदोलनों में से एक है। इस आंदोलन के माध्यम से विनोबा भारत में क्रांति लाने में सफल रहे। विनोबा की क्रांति भारत की मूल समस्याओं के समाधान में एक बड़ा कदम थी। आर्थिक असमानता को दूर करने में आंदोलन के प्रयास उल्लेखनीय थे।

आजादी के ठीक बाद एक और स्वतंत्रता आंदोलन आया जिसे भारत के लोगों की आर्थिक मुक्ति कहा गया। भारत की राजनीतिक मुक्ति के बाद विनोबा के आर्थिक स्वतंत्रता के प्रयासों और 'भूदान आंदोलन' ने भारतीयों के मन में हलचल पैदा कर दी। विनोबा की भूदान यात्रा, भूदान यज्ञ का प्रचार और उसके बाद ग्रामदान, जिलादान, राज्यदान, संपत्तिदान और जीवनदान के आंदोलन ने पूरी दुनिया में सनसनी मचा दी। यह आन्दोलन कुछ ही दिनों में जन आन्दोलन में बदल गया।

यह आंदोलन भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी शुरू हुआ। चीनी भू-राजनीतिक व्यवस्था का अनुसरण करते हुए भारत में भी वैसी ही व्यवस्था लागू करने की सोच रखने वाले विनोबा अंततः तेलंगाना से शुरू होकर भूदान की गंगा को पूरे देश में फैलाने में सफल रहे। भूदान के आह्वान ने जमींदारों से दान में मिली जमीन को भूमिहीनों में बांटकर बिनोबा ने नई राह दिखाई, नए विचार पैदा किए, दुनिया के अरबों लोगों को दान की संस्कृति से परिचित कराया और कई लोगों की आंखें खोलने में मदद की।

पौराणिक युग में जमीन के लिए महाभारत युद्ध से शुरू होकर, हाल के दिनों में कई देशों में जमीन के लिए मानव का संघर्ष बहुत अधिक हुआ है। कहां राजशाही और राजशाही के हाथों से धरती माता को मुक्त कराने की पुकार है और कहां जमींदारों और जागीरदारों के हाथों से धरती को मुक्त कराने का प्रयास है। इन कोशिशों के बीच कितनी जानें गईं और कितना खून बहा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। यह जमीन देशों के बीच युद्धों का कारण है, परिवारों के बीच संघर्ष का कारण है। उसी प्रकार यह जमीन भाइयों के बीच झगड़े का कारण होती है। इन अंतहीन संघर्षों, युद्धों तथा हिंसा को समाप्त करने की आवश्यकता है। 'भूदान आंदोलन' ने पूरे देश में जो चेतना विकसित की, उसने दुनिया में जो सांस्कृतिक वातावरण तैयार किया, उसका मूल्यांकन करने की जरूरत है। 'भूदान आंदोलन' के परिणामस्वरूप, कई बेघर परिवार भूमि प्राप्त करने और अपनी आजीविका में सुधार करने में सक्षम हुए, उनके जीवन में बदलाव संभव हुआ।

इसी प्रकार, जिन लोगों ने भूमि दान करके अपनी उदारता का परिचय दिया, वे समाज के सामूहिक विकास में भाग लेने में सक्षम हुए, लेकिन भूदान की सफलता आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए पर्याप्त नहीं थी। सरकारी नीतियों ने अमीरों को और अमीर तथा गरीबों को और गरीब बनाने में मदद की है। इसके कारण अमीर-गरीब के बीच की खाई नहीं मिट सकी, विषमताएं समाप्त नहीं हो सकीं और करुणा से परिपूर्ण समतामूलक समाज संभव नहीं हो सका।

वह दिन था, 18 अप्रैल 1951। आज के तेलंगाना राज्य के पोचमपल्ली गांव में बाबा विनोबा के अनुरोध और प्रोत्साहन से भारत के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा। उस दिन की घटना ने विश्व में जिस नये आन्दोलन को जन्म दिया, वह था 'भूदान आन्दोलन।' जब तेलंगाना की निराश्रित, अत्यंत गरीब जनता, भूख हड़ताल पर बैठी महिलाएं अपराध करने से नहीं हिचकिचाईं, जब संबंधित क्षेत्रों में खून के प्यासे लोगों का खून-खराबा होने लगा, तो संत विनोबा का हृदय टूट गया। उन्होंने तेलंगाना जाकर वहां के विद्रोहियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और वहां के गरीब लोगों की समस्याओं का स्थायी समाधान खोजने के प्रयास शुरू किये।

## अनिल के मुआवजा देने की बात सदन में अखिलेश ने दोहराई

### विधायक ने विधानसभा में सरकार को घेरा

**अखंड भारत संदेश**



विधानसभा में सरकार को घेरते विधायक।

**चित्रकूट।** सपा सदर विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा बजट सत्र दौरान प्रश्नों के दिये जवाब में कहा कि जनता के विद्युत बिलों को सही नहीं कराया जाता। पूरे प्रदेश में विद्युत बिल ठीक करने के सापेक्ष कितने बिल दुरुस्त किये। प्रदेश में सपा सरकार में 24 घंटे बिजली मिलती थी। निजी ट्यूबवेल किसानों को 68 फीसदी छूट के साथ कनेक्शन मिलते थे।

बुधवार को विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा बजट सत्र में कहा कि भाजपा सरकार में गरीब, मजदूर व छोटे व्यापारियों के यहां छापे नहीं पडते थे। आज किसानों से 2019 में छूट कनेक्शन को पैसा जमा कराने के बाद भी आज तक सामान नहीं दिया जा रहा। अब पैसा चार-पांच साल बाद वापस कर रहे हैं, ब्याज क्यों नहीं दे रहे। जिन लोगों ने सौ फीसदी पैसा जमाकर कनेक्शन लिया था, पूरा सामान विद्युत विभाग नहीं दे रहा। बिना बिजली के घरों में मीटर लगाये गये, विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही, बिल आ रहे हैं। उपभोक्ता विभाग के चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने सरकार पर तंज कसा कि सरकार ने नया विभाग खोल रखा है, विजलेंस गरीब- असहाय के घरों में छापा मारते हैं। कर्मचारी वीडियो बनाते हैं, उपभोक्ताओं से मोटी रकम वसूलते हैं। इसमें अंकुश लगाने की जरूरत है, जनता पुलिस से जितना नहीं डरती, उतना विजलेंस से डरती है।

विधायक ने कहा कि बुन्देलखण्ड में कुछ जगह ऐसी हैं, जहां वन विभाग ने खम्भे-तार नहीं जाने दिये। उनके क्षेत्र में कोलुहामाफी गांव में वन क्षेत्रों के गांवों में सरकार विद्युतीकरण कराये बिना बिल भेजती है। लघु सिंचाई विभाग ने 2022-23 में मानपुर, रसिन, बराछ के चेकडैम मरम्मत में मानकविहीन कार्यों की टीएसी जांच को जलशक्ति मंत्री को बताया था। प्रदेश के सभी जिलों में सलाहकार इंजीनियर व आर्किटेक्ट की तैनाती हुई थी। एक फीसदी प्राक्कलन व एक फीसदी नाप पुस्तिका तैयार करने को दी जाती थी, न देने से अपर मुख्य सचिव पंचायती राज विभाग को कार्यवाही को तथा देवांगना घाटी से खोह तक बाईपास रोड व खोह से भरतकूप रिंग रोड निर्माण को मुख्यमंत्री को पत्र से अवगत कराया था। खोह मेनरोड रेलवे क्रासिंग के पास ओवरब्रिज के अधूरे कार्य को पूरा कराने को मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। विधायक अनिल प्रधान के निवेदन पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने चित्रकूट के किसानों की भूमि अधिग्रहण में सर्किल रेट बढाकर किसानों की मांग अनुसार मुआवजा देने की सदन में बात कही है।

## आठ से 12 मार्च तक होगा रामायण मेला

### शुभारम्भ पर आयेंगे राजू दास

**अखंड भारत संदेश**



राजू दास को आमंत्रण देते प्रशांत।

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय रामायण मेला महोत्सव में धमार्चार्यो, विद्वानो, मानस मर्मज्ञो एवं कलाकारों की विविधता इस बार खासतौर पर देखने को मिलेगी। आयोजन को यादगार बनाने को कार्यकारिणी के पदाधिकारी सिद्दत से जुटें। आठ मार्च को उद्घाटन पर अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास महाराज मंच की शोभा बढ़ायेंगे।

बुधवार को राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया ने बताया कि हनुमानगढ़ी महंत राजू दास महाराज से अयोध्या में भेंट की है। रामायण मेला उद्घाटन पर पधारने का आमंत्रण सौंपा है। महंत ने सहर्ष स्वीकार किया। कहा कि चित्रकूट के रामायण मेला में हिस्सा लेने की प्रबल इच्छा रही है, जो प्रभु श्रीराम की कृपा से पूर्ण होगी। इस मौके पर महामंत्री करुणा शंकर द्विवेदी, सदस्य राजाबाबू पांडेय, राजगोपाल मंदिर के प्रमुख महंत सर्वेश्वर दास मौजूद रहे। पांच दिवसीय 51वां महोत्सव 8 से 12 मार्च तक चलेगा। राज्यपाल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम के आने के आसार हैं। कार्यकारी अध्यक्ष करवरिया ने बताया कि महोत्सव समापन पर अयोध्या से पूर्व सांसद/श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी संत डा रामविलास वेदांती की स्वीकृति मिली है।

## परिक्रमा मार्ग में पेयजल को हाहाकार

### दस दिन से पाइपलाइन खराब

**अखंड भारत संदेश**



पानी के इंतजार में बैठी महिलायें।

**चित्रकूट।** भगवान राम की कर्मस्थली परिक्रमा मार्ग में पानी को हाहाकार मचा है। स्थानीय लोगों को तो पानी की परेशानी है ही, आने वाले देश-विदेश से श्रद्धालु भी पानी को परिक्रमा मार्ग में परेशान हैं। बुधवार को कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में पानी की किल्लत का खुलासा हुआ। बताया गया कि यहां दस दिन से पाइपलाइन खराब होने से पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही। परिक्रमा मार्ग में पाइपलाइन से पानी बर्बाद हो रहा है। कोई देखने वाला नहीं है। गोपाल तिवारी ने बताया कि पानी को वे खासे परेशान हैं। आने वाले श्रद्धालु परिक्रमा मार्ग में पानी को परेशान हैं। यहां तक कि भगवान राम की सेना के वानर भी पानी को भटकते देखे जा सकते हैं। लोगों ने बताया कि जल संस्थान से कई बार शिकायत की गई, कोई सुनने को तैयार नहीं है। इस बाबत जल संस्थान के एक अधिकारी ने बताया कि कोई शिकायत नहीं आई। समस्या है तो तत्काल समाधान करेंगे। लोगों ने कहा कि हाल में माघ अमावस्या है, लाखों श्रद्धालु भगवान कामतानाथ की परिक्रमा को आते हैं। यही हाल अमावस्या में रहे तो श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

## मनरेगा से एक पुलिया की जगह दो का हुआ भुगतान , जिम्मेदारों ने खाई रकम

**अखंड भारत संदेश.**



मनरेगा से बनी पुलिया।

**चित्रकूट।** मनरेगा की शुरूआत ग्रामीणों को गांव में रोजगार देने की गरज से की गई थी। ये योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। प्रधान-सचिव समेत जिम्मेदार अधिकारियों ने फर्जी जांच आख्या पर बिना कार्यों के भुगतान कर रहे हैं।

ये खुलासा बुधवार को मऊ ब्लाक के कोलमजरा गांव में पुलिया निर्माण में हुआ। बताया गया कि मऊ ब्लाक के कोल मजरा में मनरेगा से कराये पुलिया निर्माण में धांधली कर सरकारी धन का मनमानी ढंग से बंदरबांट किया है। पुलिया निर्माण कार्य में मानकविहीन कार्य कराकर भुगतान निकाला है। मौके पर एक पुलिया का निर्माण कराकर दो पुलिया के निर्माण की धनराशि निकाली है। कोल मजरा में 2022-23 में हीरालाल के गोंडा के पास 8.31 लाख की लागत से मनरेगा से निर्माण हुआ था। मानकविहीन कार्य कराकर सरकारी धन का बंदरबांट हुआ था। हीरालाल के गोंडा के पास नदी में पुलिया निर्माण के नाम पर मनमानी ढंग से भुगतान कर सरकारी धन का गबन किया है, जबकि मौके पर कोई कार्य नहीं हुआ।

मनरेगा से बनाई पुलिया निर्माण व बिना कार्य के पुलिया निर्माण के नाम पर प्रधान शोभनाथ व सचिव अनुराग पांडेय की मनमानी से फर्जी मस्टर रोल भरकर भुगतान निकाला है। तकनीकी सहायक गोपालदास ने पहले मानकविहीन पुलिया की एमबी मनमानी ढंग से की, फिर बिना पुलिया निर्माण के फर्जी ढंग से एमबी कर सरकारी धन का बंदरबांट किया है। कार्यक्रम अधिकारी श्रवण कुमार व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सिद्धार्थ गुप्ता ने निरीक्षण के नाम पर फजीर्वाड़ा कर सरकारी धन का बंदरबांट कराया है। मनमानी ढंग से कमीशनखोरी हुई है। महत्वाकांक्षी मनरेगा में जिम्मेदारों ने फजीर्वाड़ा कर सरकारी धन को ठिकाने लगा रहे हैं। ग्रामीणों ने कोल मजरा में मनरेगा से पुलिया निर्माण कार्य की जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की।

### आर्म्स एक्ट के आरोपी को हुई सजा

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन में न्यायालय में लम्बित वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ व पैरोकार रवि प्रकाश यादव की पैरवी से न्यायालय ने आर्म्स एक्ट के आरोपी के जुर्म स्वीकारने पर जेल में बितायी 40 दिन की सजा व 15 सौ रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। बुधवार को सहायक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट मऊ सुश्री संघमित्रा ने थाना मऊ में दर्ज आर्म्स एक्ट के आरोपी शिवबाबू पुत्र लल्लू केवट निवासी काशीनाथ का पुरवा बियावल के जुर्म स्वीकारने पर जेल में बिताई 40 दिन की अवधि की सजा व 15 सौ रुपए के जुमार्ना से दंडित किया।

## अन्तर्राज्जीय गेट देख डीएम ने थमाई नोटिस

### चिन्हित स्पाट पर लगवायें पेड, पटेल तिराहा से मप्र सीमा तक होगी सडक चौड़ी

**अखंड भारत संदेश**



निरीक्षण करते डीएम।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने देवांगना घाटी के पास उप्र-मप्र सीमा पर अंतरराज्यीय गेट का निरीक्षण किया। कार्यदाई संस्था को निर्देश दिये कि गेट पर उप्र में आपका स्वागत स्टील या पत्थर का बनवायें। बीम के नीचे भी पत्थर लगवायें।

बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कार्यदाई संस्था को निर्देश दिये कि कार्य की गति में मैनपावर बढ़ाकर तेजी लायें। सहायक अभियंता को निर्देश दिये कि सामग्री आने पर सत्यापन करें। उन्होंने गेट पर लाइटिंग की पट्टी लगवाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पटेल तिराहा से लेकर मप्र सीमा तक रोड चैड़ीकरण का निरीक्षण किया। लोनिवि अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड सत्येन्द्रनाथ को निर्देश दिये कि जो पेड़ काटे जा रहे हैं, चिन्हित स्पाट पर पेड़ लगाना है। उसके फोटो भी रखें। जो पेड़ डिवाइडर में आ रहे हैं, उसे छोड़ दें।

जिलाधिकारी ने कहा कि जमीन अधिग्रहण को सहमति बन गई है। जिसकी नहीं बनी, सहमति के लिए जल्द भेजें। एक्सईएन को निर्देश दिये कि जेई व ठेकेदार को निर्देश दें कि जो जमीन रोड को चिन्हित है, उस पर कलई डालें। जहां मिट्टी डालनी है, वहां मिट्टी डालकर कार्य में प्रगति करायें। जिलाधिकारी ने उप्र राज्य सेतु निगम लि बांदा के बाणगंगा नदी पर बनाये जा रहे पुल भी देखा। कहा कि पुल के पास साइन बोर्ड लगवायें। पुल के बॉर्डर को रंगवायें। राज्यसेतु निगम को निर्देश दिये कि रोड किनारे रोड वाल/एंगल लगवायें, ताकि हादसे न हों। राज्यसेतु निगम को ये भी निर्देश दिया कि डब्ल्यूएलएल करने के बाद रोलर चलवाकर डामर बिछवायें। पुल का स्टीमेट साइड पर न लाने पर परियोजना प्रबंधक सेतु निगम व सहायक अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। राज्य सेतु निगम को निर्देश दिया कि पुल के बॉर्डर पर संकेतक लाइट लगवायें। जिलाधिकारी ने निरीक्षण स्थल पर रोड की गुणवत्ता भी जांची। इस मौके पर एक्सईएन लोनिवि प्रान्तीय खंड सत्येंद्रनाथ, परियोजना प्रबंधक सेतु निगम आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कम्प्यूटर दलाल पर होगी कार्यवाहीः सीएमओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीएमओ कार्यालय में 30 सिक्योरिटी गार्ड भर्ती को लेकर सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने कहा कि प्राइवेट संस्था समृद्धि पूर्वा इन्फोटेक प्रालि लखनऊ से भर्तियां हो रही हैं। सीएमओ कार्यालय से भर्ती का कोई लेना-देना नहीं है। ये भर्ती होने के बाद तैनाती समय सभी सिक्योरिटी गार्ड का साक्षात्कार व दस्तावेज वे खुद देखेंगे, तभी ज्वाइनिंग दी जायेगी।

बुधवार को खबरें चलने के बाद सीएमओ ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कहा कि बाहरी लोगों ने ठेका लेकर भर्ती का प्रयास कर रहे हैं। चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। जिले में एक कंप्यूटर संचालक दलाली कर व प्राइवेट कंपनियों से मध्यस्थता करके भर्ती का ठेका ले रखा है। कंप्यूटर संचालक ने तकरीबन दस लाख रुपए कंपनी से मध्यस्थता कर जमा भी करा लिए हैं। प्रमुखता से खबर चलने पर सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने कहा कि जांच कराकर दलाल पर कार्रवाई की जाएगी। देखना है कि सिक्योरिटी गार्ड भर्ती निष्पक्षता से होती है या दलाल की बनाई सूची से होती है।

## रैपुरा पुलिस ने पांच जुआरी जुआ खेलते दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा अरविंद कुमार सिंह की टीम ने गड़रियन पुरवा मजरा देवरा से ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाते शिवचरण शुक्ला पुत्र मुन्नालाल शुक्ला निवासी लौरी लोखरी, धीरेंद्र त्रिपाठी पुत्र उमेश कुमार त्रिपाठी, भूमिदत्त त्रिपाठी पुत्र शंकरदयाल त्रिपाठी निवासी नेवरा, उमाकांत त्रिपाठी पुत्र श्रीनिवास, देवकीनंदन राजपूत पुत्र राम सुमित्र निवासी हन्ना विनैका को गिरफ्तार किया। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 11500 रुपये व ताश के 52 पत्ते व जामा तलाशी से नौ हजार रुपये व पांच मोटरबाइकें बरामद की। जुआरियों के खिलाफ थाने में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। बरामद मोटरबाइकें एमवी एक्ट के सीज की गईं। टीम में दरोगा अरविन्द कुमार सिंह, दरोगा रविकान्त राय, सिपाही महेन्द्र सिंह व राजमंगल शामिल रहे।

## चुप्पी तोडो-खुलकर बोलो, रोकें उत्पीडन

**अखंड भारत संदेश**



छात्राओं को पाठ पढाती पुलिस।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर नोडल अधिकारी/सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में थाना भरतकूप के एसपीसी पुलिस अधिकारी बालकिशुन व महिला सिपाही संगीता ने राजकीय इंटर कॉलेज घुरेटनपुर में स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट्स के छात्रों को वृद्धों, बुजुर्गों एवं दिव्यांगों की सेवा बाबत पाठ पढ़ाया।

बुधवार को स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट की छात्राओं को सुरक्षा-सहायता को महिला व बाल अपराध के बारे में प्रशिक्षित किया। शासन से जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। थानों में महिला हेल्प डेस्क बाबत जागरूक किया। शासन से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट बांटे। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को बताया कि उनके साथ हो रहे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न बाबत पुलिस से चुप्पी तोड़ो-खुलकर बोलो, ताकि हो रहे उत्पीड़न को रोका जा सके। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को गुड-टच, बैड-टच बाबत बताया। अक्सर छोटे-छोटे बच्चों को जानने वाले ही बैड-टच करते हैं। इस बाबत खुलकर बतायें। घर पर छोटे भाई-बहन को भी गुड-टच, बैड-टच के बारे में बतायें।

## हत्या की हो निष्पक्ष जांच, भाजपाई हों दोषमुक्त ?


**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा कार्यकर्ता/समाजसेवी मनीष सिंह व प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल उर्फ मिन्टू सिंह, धर्मवीर सिंह जैसे जुझारु कार्यकताओं पर झूंठे मामले में फंसाने की साजिश की जा रही है। ऐसे में भाजपा कार्यकर्ता तनाव में जी रहे हैं।

बुधवार को मानिकपुर थाने के गढ़चपा गांव के जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि/प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल उर्फ मिंटू सिंह को गांव के कुछ लोगों ने मनगढंत आरोप लगाये हैं। ग्रामीणों ने कहा कि प्रधान प्रतिनिधि निर्दोष हैं। उन्हें फंसाने की साजिश की गई है। मिंटू सिंह को राजनीति के तहत छवि धूमिल करने को साजिशन फंसाया जा रहा है। मामले की जांच कराकर ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

झूंठे आरोपों में फंसने पर भाजपा कार्यकर्ता तनाव में जी रहे हैं। दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। 11 जनवरी अवधेश दुबे की आकस्मिक मृत्यु हुई थी। उसे हत्या का रुप दिया जा रहा है। प्रधान प्रतिनिधि ने कोरोना काल में तमाम गरीबों-असहायों की मदद की थी। विशेष टीम गठित कर मामले की निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए, ताकि दूध का दूध व पानी का पानी हो सके।

## कर्वी पुलिस ने जिला बदर को दबोचा



पुलिस गिरफ्त में जिला बदर।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा अंशुल कुमार ने जिला बदर विशोक सिंह पुत्र दिलदार सिंह निवासी चकला को गिरफ्तार किया।

बुधवार को जिलाधिकारी के आदेश पर जिला बदर उल्लंघन कर रहा था। सूचना पर कोतवाली कर्वी में दर्ज गुंडा एक्ट के मामले में उसे दबोचा गया। उसका आपराधिक इतिहास कोतवाली कर्वी में दर्ज है। उस पर विभिन्न अपराधों के नौ मामले दर्ज हैं। टीम में दरोगा अंशुल कुमार व सिपाही राहुल देव शामिल रहे।

## मृत सिपाही को सम्मान से दी अन्तिम विदाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ लाइन्स राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि अधिकारी-कर्मचारियों ने सिपाही स्व वीरेन्द्र यादव के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर शोक सलामी दी।

बुधवार को एसपी-एएसपी ने स्व वीरेन्द्र कुमार के शव को कंधा देकर अन्तिम विदाई दी। उन्होंने दुःख की घड़ी में परिजनों को ढांढस बंधाते हुये हर संभव मदद का भरोसा दिया। ज्ञात है कि सिपाही वीरेन्द्र यादव ने मंगलवार को जिला मुख्यालय के एक होटल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने उसके पार्थिव शरीर को शोक सलामी दी। परिजनों को हर सम्भव मदद का भरोसा दिया।

## शिकायत निस्तारण में पुलिस विभाग अव्वल, असंतुष्ट हैं 0.87 फीसदी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनसुनवाई पोर्टल में जनसमस्याओं के जल्द निस्तारण की समीक्षा शासन स्तर पर प्रतिदिन होती है। जनवरी 2024 में जनसुनवाई पोर्टल पर मिली शिकायतों के निस्तारण बाबत समीक्षा में चित्रकूट जिला पुलिस को सूबे के 75 जिलों में अव्वल स्थान मिला है।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, नोडल अधिकारी आईजीआरएस/निरीक्षक प्रदीप कुमार यादव, प्रभारी आईजीआरएस ने उच्चाधिकारियों से मिले निदेर्शों का पालन करते हुये कड़ी मेहनत से अक्टूबर में मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी/जनसेवा संपूर्ण समाधान दिवस/थाना दिवस में जिला पुलिस ने सभी संदर्भो का समय से निस्तारण किया।

आईजीआरएस शाखा में तैनात सिपाही मानवेन्द्र सिंह व महिला सिपाही अनीशा बानो, महिला सिपाही मीरा यादव ने जिले के सभी थानो/क्षेत्राधिकारी कार्यालयों में आईजीआरएस पोर्टल का कार्य देख रहे पुलिस कर्मियों ने आनलाइन फीडिंग की। प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अहम भूमिका निभायी। इससे जिले में जनसुनवाई के मामलों में प्रथम स्थान मिला। सभी संदर्भों की आनलाइन फीडिंग व प्राप्त संदर्भों के निस्तारण में जिले के सभी 12 थानों में से नौ थानों को पहला स्थान मिला है। प्राप्त संदर्भों में असंतुष्ट फीडबैक का 0.87 फीसदी है।

# पाकिस्तान में आतंकवादियों ने मतदान केंद्रों और उम्मीदवारों के घरों पर ग्रेनेड से किया हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बेखौफ आतंकवादियों ने आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले बलूचिस्तान के क्वेटा और ग्वादर में कई मतदान केंद्रों और उम्मीदवारों के घरों को निशाना बनाया। दहशतगर्दों ने मंगलवार शाम मकरान डिवीजन और प्रांतीय राजधानी के विभिन्न इलाकों में उम्मीदवारों के घरों पर बनाए गए चुनाव कार्यालयों और मतदान केंद्रों समेत कम से कम नौ स्थानों पर ग्रेनेड से हमला किया।

डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने माना है कि देरशाम मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने क्वेटा के बाहरी इलाके में स्थित किल्ली अहमदजई के एक सरकारी स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र पर ग्रेनेड फेंके। ग्रेनेड स्कूल के प्रांगण में फटा। इससे खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस का कहना है कि पसनी में एक सरकारी स्कूल



पर हमले को विफल कर दिया गया। पसनी के बाग बाजार सरकारी स्कूल के पास से बरामद विस्फोटक उपकरण को बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया। पुलिस के अनुसार, केच जिले के होशाब इलाके में राष्ट्रीय डेटाबेस और पंजीकरण प्राधिकरण भवन परिसर के एक कार्यालय पर ग्रेनेड से हमला किया गया। इससे खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गईं लेकिन किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अवारन जिले में नेशनल असेंबली के लिए बीएनपी-मेंगल के उम्मीदवार मीर मोहम्मद याकूब के आवास पर ग्रेनेड हमला और बुलेदा में पीएमएल-एन उम्मीदवार मीर मोहम्मद असलम बुलेदी के घर पर हमला किया गया।

पंजगुर शहर में नेशनल पार्टी के नेता अब्दुल कादिर सजदी के घर और एक स्वतंत्र उम्मीदवार डॉ. नूर बलूच के आवास को निशाना बनाया गया। हमलों में दोनों नेता बाल-बाल बच गए। पीपीपी उम्मीदवार आगा गुल भी अपने घर पर हुए ग्रेनेड हमले में बाल-बाल बचे।

इसके अलावा, केच जिले के टंप इलाके में सुरक्षा बलों की एक चौकी पर पीआरजी-7 प्रोजेक्टाइल दागा गया।

# अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने धमकी मिलने के बाद मांगी खुफिया सेवा की सुरक्षा

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की नेता निक्की हेली ने सरकार से मिल रहीं धमकियों के बाद खुफिया सेवा की सुरक्षा मांगी है। ज्ञात रहे कि निक्की अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल हैं। हेली रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने की दौड़ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एकमात्र प्रतिद्वंद्वी बची हैं। जानकारी के अनुसार, हेली की प्रचार टीम ने कहा कि उन्होंने खुफिया सेवा की सुरक्षा के लिए आवेदन किया है, लेकिन यह नहीं बताया कि आवेदन कब किया गया। प्रचार टीम ने यह भी नहीं बताया कि किस खतरे के मद्देनजर उन्होंने सुरक्षा के लिए आवेदन किया है। आंतरिक सुरक्षा संबंधी मामलों के मंत्री की मंजूरी के बाद ही खुफिया सेवा की सुरक्षा प्रदान की जाती है, जो फैसला लेने से पहले संसद की सलाहकार समिति से राय लेते



हैं।साउथ कैरोलिना में 52 वर्षीय हेली के घर पर हाल के महीनों में हमले की दो घटनाओं की खबरें सामने आई थीं। इनमें से एक घटना उस समय हुई थी, जब उनके माता-पिता घर में थे।

वहीं अमेरिका की एक संघीय अपीलीय अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि डोनाल्ड ट्रंप को 2020 के चुनाव के परिणामों को पलटने की साजिश रचने संबंधी आरोपों में मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है और पूर्व राष्ट्रपति का यह दावा स्वीकार करने योग्य नहीं है कि उन्हें अभियोजन से छूट प्राप्त है। यह निर्णय कुछ महीनों में दूसरी बार है जब न्यायाधीशों ने ट्रंप की छूट संबंधी दलीलों को खारिज कर दिया है। लेकिन अभी पूर्व राष्ट्रपति की ओर से अतिरिक्त अपील का अवसर खुला है जो अमेरिकी उच्चतम न्यायालय तक पहुंच सकते हैं।

## नेपाल में सांसद विकास कोष पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई




**काठमांडू।** नेपाल में सांसद विकास कोष पर व्यावस्थापिका और न्यायपालिका के बीच टकराव पर जल्द ही फैसला हो सकता है। पिछले साल 23 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट की फुल बेंच ने सांसदों और विधायकों को क्षेत्र के लिए मिलने वाले विकास कोष पर प्रतिबंध लगा दिया था। इस मामले पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है।

नेपाल के संघीय संसद सचिवालय ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में पुनर्याचिका रिट दायर कर सांसद विकास कोष पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने की गुहार लगाई। सुप्रीम कोर्ट में आज इस रिट पर सुनवाई होनी है। इस रिट में सचिवालय के कानून सचिव लक्ष्मी प्रसाद गौतम ने पूर्व के फैसले को "एक्सट्रा ज्यूडिशियल एक्टिविटी" करार देते हुए इसे सीधे संसद की सर्वोच्चता पर हस्तक्षेप बताया है। उन्होंने कहा कि इसलिए कोर्ट को अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।


उल्लेखनीय है कि नेपाल में सांसदों को अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए पांच करोड़ रुपये और विधायकों को 1.5 करोड़ रुपये तक खर्च करने का अधिकार था। इस रकम के दुरुपयोग के मद्देनजर दायर रिट पर कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए इस व्यवस्था को रद्द कर दिया था। संघीय संसद के महासचिव पदम बहादुर पाण्डे ने कहा कि कोर्ट को अपने दायरे में फैसला करना चाहिए था।

# चिली के पूर्व राष्ट्रपति सेबेस्टियन पिनेरा का हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन

**सैंटियागो (चिली)।** चिली गणराज्य के पूर्व राष्ट्रपति 74 वर्षीय सेबेस्टियन पिनेरा का मंगलवार को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया। राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने पिनेरा के निधन पर तीन दिन के राष्ट्रीय क की घोषणा की है। अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, पिनेरा सैन्य तानाशाही के खात्मे के बाद चिली के पहले रूढ़िवादी नेता बने। उन्होंने देश के लोकतंत्र को मजबूत करने में मदद की।

रिपोर्ट के अनुसार, चार लोगों को ले जा रहा हेलीकॉप्टर दोपहर करीब साढ़े तीन बजे दक्षिणी चिली के लॉस रियोस क्षेत्र में रैंको झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तीन लोग बच गए और तैरकर किनारे आ गए। चिली की नौसेना ने दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति पिनेरा का शव बरामद कर लिया है। यह स्पष्ट नहीं है कि विमान का संचालन कौन कर रहा था। हालांकि पिनेरा अपना हेलीकॉप्टर स्वयं उड़ाने के लिए जाने जाते थे।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, पिनेरा अरबपति व्यवसायी और निवेशक थे। उन्होंने 2010 से 2014 और 2018 से 2022 तक चिली के राष्ट्रपति के रूप में दो कार्यकाल पूरे किए। रूढ़िवादी नेता पिनेरा ने व्यवसाय-समर्थक नीतियों की शुरूआत की। इससे विकास को बढ़ावा मिला।



बावजूद इसके उन पर गरीबों की उपेक्षा करने का आरोप भी लगा। इस वजह से उन्हें लोगों के कड़े विरोध का भी सामना करना पड़ा। पिनेरा के परिवार में पत्नी सेसिलिया मोरेल और चार संतान हैं। उन्होंने मोरेल से 1973 में शादी की थी। चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने मंगलवार को टेलीविजन पर देश के नाम संबोधन में कहा, "राष्ट्रपति पिनेरा ने अपने दृष्टिकोण से देश की भलाई के लिए व्यापक योगदान दिया। वह शुरू से लोकतांत्रिक थे।" अपने संबोधन में उन्होंने चिली में तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की।

रिपोर्ट के अनुसार, पिनेरा ने 1980 के दशक की शुरूआत में तानाशाही के दौर के समय चिली में क्रेडिट कार्ड की शुरूआत करके बिजनेस की दुनिया में कदम रखा।बाद में उन्होंने रियल एस्टेट, बैंकिंग, ऊर्जा और खनन सहित कई कंपनियों में निवेश किया। उनके पास एक टेलीविजन प्रसारक के साथ-साथ एक एयरलाइन और एक पेशेवर सॉकर क्लब के प्रमुख शेयर भी थे। इसके बाद उन्होंने अपनी संपत्ति का उपयोग राजनीति में प्रवेश करने के लिए किया। पहले सीनेटर के रूप में और बाद में राष्ट्रपति के रूप में।

पिनेरा ने हाल के वर्षों में चिली को उसके कुछ सबसे कठिन क्षणों से बाहर निकाला। 2010 में उनके राष्ट्रपति चुने जाने के कुछ सप्ताह बाद चिली को शक्तिशाली भूकंप और सुनामी का सामना करना पड़ा। 525 लोगों की जान गई और 15 लाख लोग विस्थापित हो गए। पिनेरा ने उन 33 खनिकों को बचाने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया, जो लगभग आधा मील तक भूमिगत फंसे हुए थे। उनकी सरकार उन्हें 68 दिन के राहत और बचाव अभियान के बाद सुरक्षित निकाल पाने में कामयाब रही। पिनेरा ने सभी को गले लगाकर उनके साथ जश्न मनाया।

## मिस जापान 2024 प्रतियोगिता की विजेता करोलिना शिनो से खिताब छिना



**टोक्यो।** पिछले माह की मिस जापान 2024 प्रतियोगिता की यूक्रेन में जन्मी विजेता करोलिना शिनो से खिताब छिन गया है। प्रतियोगिता के आयोजक शुकन बुनशुन ने सोमवार को एक पत्रिका की रिपोर्ट के बाद यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि करोलिना शिनो का एक विवाहित व्यक्ति के साथ संबंध था। यह पहली बार है जब किसी मिस जापान विजेता से खिताब वापस लिया गया है। इस खुलासे के बाद करोलिना शिनो ने खिताब वापस कर दिया। आयोजक ने कहा कि यह पद इस साल खाली रहेगा।

जापान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार शुकन बुनशुन ने पिछले बुधवार को बताया कि 26 वर्षीय शिनो एक डॉक्टर को डेट कर रही थी। वह डॉक्टर शादीशुदा है। हालांकि, आयोजक ने यह माना कि अविवाहित शिनो इस बात से अनजान थी कि वह जिसे डेट कर रही है, वह शादीशुदा है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# विस्फोट से दहला पाकिस्तान, 28 लोगों की मौत, 40 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गुरुवार को होने वाले आम चुनाव की पूर्व संध्या पर आज आतंकवादियों ने खूनखराबा कर देश को दहला दिया। मुल्क के बलूचिस्तान में बुधवार को सिलसिलेवार हुए दो विस्फोट हुए। इनमें कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा घायल हो गए। ये विस्फोट पिशिन और किला सैफुल्लाह में स्वतंत्र उम्मीदवार और जेयूआई-एफ के चुनाव कार्यालयों को निशाना बनाकर किए गए।

जिओ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार आम चुनाव से ठीक एक दिन पहले बुधवार को बलूचिस्तान के पिशिन में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के कार्यालय के बाहर हुए विस्फोट में कम से कम 16 लोगों की जान चली गई, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए। दूसरा विस्फोट किला सैफुल्लाह जिला में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) कार्यालय के बाहर हुआ। यहां कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। पिशिन में विस्फोट खानोजाई इलाके में स्वतंत्र उम्मीदवार असफंद यार खान काकर के राजनीतिक



कार्यालय के बाहर हुआ। काकर एनए-265 निर्वाचन क्षेत्र और बलूचिस्तान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र- पीबी-47 और पीबी-48 से चुनाव लड़ रहे हैं।

अस्पताल के एमएस डॉ हबीब ने बताया कि घायलों को तहसील अस्पताल खानोजाई में स्थानांतरित कर दिया गया है। ज्यादातर घायलों की हालत गंभीर है। प्रांतीय स्वास्थ्य सचिव ने कहा है कि विस्फोट के बाद क्वेटा के अस्पतालों में आपात स्थिति लागू कर दी गई है। ट्रॉमा सेंटर, सिविल अस्पताल, बीएमसी, बेनजीर और शेख जायद अस्पताल में घायलों के इलाज के लिए व्यवस्था की गई है। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने बलूचिस्तान के मुख्य सचिव और पुलिस महानिरीक्षक से रिपोर्ट तलब की है।

रिपोर्ट के अनुसार स्वतंत्र उम्मीदवार असफंद यार खान काकर ने कहा कि विस्फोट उनके चुनाव कार्यालय के बाहर एक मोटरसाइकिल में हुआ। विस्फोट में आठ कार्यकर्ता मारे गए और 18 से अधिक घायल हुए हैं। विस्फोट के वक्त वह बारशोर में थे। दूसरे विस्फोट में किला सैफुल्लाह जिले में जेयूआई-एफ कार्यालय को निशाना बनाया गया। बलूचिस्तान के सूचनामंत्री अचकजई ने कहा कि दूसरे विस्फोट में कम से कम 12 लोग मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि जेयूआई-एफ नेता मौलाना अब्दुल वासे पीबी-3 से चुनाव लड़ रहे हैं। वह सुरक्षित हैं। अचकजई ने कहा कि आतंकवादी अपने उद्देश्यों में सफल नहीं होंगे। मंत्री ने आश्वासन दिया कि बलूचिस्तान में कल शांतिपूर्ण चुनाव होंगे। इस बीच, खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर हाजी गुलाम अली ने बलूचिस्तान के गवर्नर और मुख्यमंत्री से टेलीफोन पर बातचीत में पिशिन विस्फोट पर दुख व्यक्त किया है। कार्यवाहक आंतरिक मंत्री गौहर इजाज ने पिशिन में चुनाव कार्यालय के बाहर हुए हमले की निंदा की है। इजाज ने कहा कि सरकार चुनाव के दौरान शांति स्थापित करने के लिए हरसंभव कदम उठाएगी।

## इस्तांबुल के अदालत में हमला करने के प्रयास में दो हमलावर ढेर, छह घायल

**इस्तांबुल।** तुर्किए की राजधानी इस्तांबुल में मंगलवार को एक अदालत परिसर पर हमला करने की कोशिश के दौरान दो व्यक्तियों को मार गिराया गया। यह जानकारी तुर्किए के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने दी।

येरलिकाया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि सुबह कैग्लायन अदालत परिसर में एक सुरक्षा चौकी पर स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजकर 46 मिनट पर ह्यहमला करने के प्रयासह्ल के दौरान एक पुरुष और एक महिला मारे गए। मंत्री ने बताया कि इस घटना में तीन पुलिस अधिकारियों सहित छह लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा, ह्यह्यमैं हमारे वीर पुलिस अधिकारियों को बधाई देता हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। कैग्लायन इस्तांबुल शहर के यूरोपीय हिस्से में कागिथेन जिले में एक विशाल अदालत परिसर है। येरलिकाया ने बाद में हमलावरों की पहचान रिवॉल्यूशनरी पीपुल्स लिबरेशन पार्टी/फ्रंट, या डीएचकेपी/सी के सदस्यों के रूप में की, जो एक धुर वामपंथी समूह है जिसे तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ में एक आतंकवादी संगठन माना जाता है। यह हमला ऐसे दिन हुआ, जब तुर्किए देश के दक्षिण में आए भूकंप की बरसी मना रहा था, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे।

## इक्वाडोर से तनाव के बाद भारत से केले खरीद रहा रूस

**मॉस्को।** इक्वाडोर से तनाव पूर्ण संबंधों के बाद रूस ने भारत से केले खरीदना शुरू कर दिया है। रूस के खाद्य सुरक्षा निगरानीकर्ता रोसेलखोज्नदजोर ने मंगलवार को कहा, भारत से केले की पहली खेप जनवरी में रूस पहुंची। केले की अगली खेप फरवरी के अंत में रूस पहुंचने की उम्मीद है। रूसी बाजार में भारतीय केले का आयात बढ़ने वाला है। इससे पहले इक्वाडोर रूस में केले का सबसे बड़ा निर्यातक रहा है, ज्ञात रहे कि रूस ने इक्वाडोर से केले के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। रोसेलखोज्नदजोर का कहना है कि इक्वाडोर के केले में कीड़ों का पता लगा है इक्वाडोर की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इक्वाडोर की खाद्य सुरक्षा एजेंसी ने मंगलवार को कहा कि रूस भेजे गए केवल 0.3 प्रतिशत केले में कीड़े पाए गए। इससे कोई खतरा नहीं है। गौरतलब है कि इस समय रूस-इक्वाडोर के संबंधों में तनाव है, क्योंकि इक्वाडोर ने रूस निर्मित सैन्य उपकरणों को कबाड़ बताकर अमेरिका को बेचने के लिए समझौते किए हैं। समझौते के तहत इक्वाडोर रूस में बने सैन्य उपकरण अमेरिका को बेचकर इसके बदले अमेरिका से अत्याधुनिक उपकरण खरीदेगा।